


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 1 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-033 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ दलाल समेत 14 युवतियां और 7 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर,1 मई.** शहर में चल रहे सबसे बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 14 युवतियों और 7 युवकों को रंगे हाथों पकड़ लिया। उनके व्यवसाय से दो कार, कैश और ट्रक का सामान बरामद किया गया है। पुलिस से पूछताछ करने में लगी हुई है। पुलिस ने किराए के मकान में सेक्स संबंध का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि वरिसा में बाहर से युवतियां आई थीं। परिभाषा पुलिस जांच के बाद मामले का खुलासा। इस तरह पुलिस ने 14 युवतियों और 7 युवतियों को पकड़ लिया। पुलिस ने डायरी में लिखा है कि एक लड़के की बोलनो कार को स्टेय में खड़ा कर दिया गया है। वहीं अन्य युवतियों के पास से मोटरसाइकिल और मोटरसाइकिल का सामान बरामद किया गया है। पोर्टफोलियो पुलिस कर्मियों, युवाओं और उद्यमियों से पूछताछ करने में लगी है। शहर के अलावा कोरबा और अन्य गरीब किशोरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पूर्व पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी भाजपा में शामिल

**रायपुर,1 मई.** छत्तीसगढ़ के पूर्व वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ) राकेश चतुर्वेदी भाजपा में शामिल हो गए हैं. कोरबा जिले के कटघोरा में



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया. बता दें कि भूपेश बघेल सरकार में राकेश चतुर्वेदी वन महकमे के मुखिया थे.

### जीएसटी कलेक्शन के टूटे सारे रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,1मई.** जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के मोर्चे पर एक नया रिकॉर्ड बना है। दरअसल, अप्रैल 2024 में अब तक का सबसे अधिक जीएसटी रेवेन्यू कलेक्शन हुआ है। यह आंकड़ा 2.10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। बता दें कि साल-दर-साल आधार पर ग्रॉस रेवेन्यू में 12.4% की बढ़ोतरी हुई है। रिफंड के बाद नेट जीएसटी 1.92 लाख करोड़ पर रहा। यह साल-दर-साल 17.1% बढ़ गया है। अप्रैल, 2024 के महीने में केंद्र सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी को 50,307 करोड़ और एसजीएसटी को 41,600 करोड़ का सैटलमेंट किया। बता दें कि मार्च 2024 में जीएसटी रेवेन्यू कलेक्शन साल-दर-साल 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का रहा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा यह पिछले वर्ष की तुलना में हुए 20 लाख करोड़ रुपये के राजस्?व से अधिक है जो 11.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

# राजीव भवन में प्रवक्ताओं के बीच वाक युद्ध

## कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा और संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद के बीच विवाद

**रायपुर,1 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में जीत के लिए चल रहे संघर्ष के बीच कांग्रेस के दो नेता आपस में ही उलझ कर पार्टी के लिए बड़ी मुसीबत पैदा कर दी है.छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में भारी बहस, तू-तू, मैं-मैं, हंगामा होने का मामला 30 अप्रैल का है. राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा इस दौरान रो पड़ी. यह चर्चा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के उस ट्वीट के बाद तेज हो गई, जिसमें उन्होंने माता कौशल्या के मायके में बेटियों के सुरक्षित नहीं होने और पुरुष मानसिकता से ग्रसित लोगों के हावी होने को लेकर की. साथ ही यह भी कहा है कि वह कुछ खुलासा करेंगी.

दरअसल, यह पूरा मामला जुड़ा है संचार विभाग में घटित घटना से. संचार विभाग में मंगलवार शाम को राधिका खेड़ा मीडियावालों को बाइट के लिए आमंत्रित किया था. बाइट देने के बाद बाद वह संचार विभाग में मौजूद थीं. मीडिया के लोग बाइट लेने के बाद जा चुके थे. कुछ देर में संचार अध्यक्ष प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के कमरे के बाहर बहस होने की आवाजें आने लगी.

जानकारी के मुताबिक, सुशील आनंद शुक्ला और राधिका खेड़ा के बीच कुछ-कुछ बातों को लेकर तीखी बहस होने लगी. बहस बढ़ते-बढ़ते इस कदर बढ़ गई की नौबत तू-तू, मैं-मैं और उससे आगे की आ गई थी.

**वायरल वीडियो में राधिका खेड़ा** यह कहती सुनायी पड़ रही है कि, 'मेरी 40 साल की उम्र में मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरी इतनी बेइज्जती कभी नहीं हुई। मैं जब उससे बात करती हूं, वो मुझ पर चिल्लाता है, मैंने ये बातें दिल्ली भी बतायी है,मैं पार्टी से इस्तीफा दे रही हूं ।'मैंने भूपेश बघेल सहित कई बड़े कांग्रेसियों को फोन लगाया लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया.

ऐसा बताया जा रहा है कि सुशील आनंद को जानकारी दिए बिना राधिका खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर ली थी. साथ ही पवन खेड़ा के आगमन की तैयारी भी कर रही थी. इस बात को लेकर सुशील आनंद ने आपत्ति जताई की मीडिया विभाग का जब मैं चेयरमेन हूं तो मेरी जानकारी के बिना प्रेस कांफ्रेंस क्यों बुला ली गई. इसी बात को लेकर मामला गरमा गया.इसके बाद राधिका खेड़ा रोते हुए कमरे से निकलकर दूसरे कमरे में चली गई. वहां उन्हें पैनिक अटैक आने की खबर है. उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां से उपचार के बाद वे होटल चली गईं.

बताया जाता है कि गाली गलौच,गेट आउट बाहर निकल जाओ जैसे डायलग भी सुनने को



मिले.बढ़ते विवाद के बीच बताया जा रहा है कि राधिका खेड़ा कांग्रेस भवन से रोते हुए बाहर निकली और अपने होटल के लिए रवाना हो गई.कांग्रेस भवन के अंदर हुई बहसबाजी की बात ज्यादा देर तक छिपी नहीं रही और राधिका खेड़ा के एक्स पर पोस्ट के साथ ही धीरे-धीरे बाहर आने लगी. राधिका खेड़ा ने घटना के कुछ घंटों बाद ही यह पोस्ट की.

उनके इस पोस्ट के बाद लोग कई तरह के कयास लगाने लगे. हालांकि, कांग्रेसियों की आपसी चर्चा और मीडिया फैलते रायता के बाद यह साफ हुआ कि मामला कांग्रेस भवन में आपसी समन्वय और हस्तक्षेप से जुड़ा हुआ है. यह भी स्पष्ट हो गया कि कई दिनों से चली आ रही खींचताना का नतीजा सुशील आनंद शुक्ला और राधिका खेड़ा के बीच हुई बहस है.

कांग्रेस भवन में हुई बहसबाजी पर विराम लगता उससे पहले ही एक वीडियो सामने आ गया. वीडियो कांग्रेस भवन का है. वीडियो में राधिका खेड़ा की आवाज सुनाई पड़ रही है. वीडियो में राधिका किसी बड़े कांग्रेस नेता से बात कर रही है. और रोते हुए यह कह रही है कि वह कांग्रेस पार्टी छोड़ रही है. उनके साथ दशकों की राजनीति में कभी ऐसा नहीं हुआ है. वहीं इस मामले की शिकायत राधिका खेड़ा ने दिल्ली पार्टी कार्यालय, वरिष्ठ नेताओं से कर दी है.

इस मामले में कांग्रेस संचार **अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला** ने कहा कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है. जैसा प्रचारित मीडिया में हो रहा है, वैसा कुछ भी नहीं है. पार्टी के इस मामले को सुलझा लिया जाएगा. जिसकी जो भी शिकायतें है दूर कर ली जाएगी. वहीं चुनाव के मौके पर भाजपा का एक तरह से कांग्रेस को घेरने के लिए बैठे-बैठाए मुद्दा मिल गया है. भाजपा प्रवक्ता **केदार गुप्ता** ने वीडियो जारी कर कहा है कि राधिका का खेड़ा का वीडियो देखकर दुख हुआ है. लेकिन भाजपा राधिका से यह कहना चाहती है कि आप कांग्रेसियों से बच लीजिए, छत्तीसगढ़ में आपको कुछ नहीं होगा यह साय सरकार, मोदी जी की गारंटी है. कांग्रेस अपने महिलाओं को सम्मान नहीं करती, यह राधिका खेड़ा के वीडियो से स्पष्ट हो गया है. इधर इस पूरे मामले पर **दीपक बैज** ने कहा कांग्रेस पार्टी में सबका मान सम्मान है। यह हमारी पार्टी का अंदरूनी मामला है, इसे सुलझा लेंगे। मामले में बीजेपी नेताओं की प्रतिक्रिया पर बैज ने कहा कि बीजेपी के पास चुनाव के समय कोई मुद्दा नहीं है।इसलिए हमारे नेताओं की बातों को तूल देते हैं।बीजेपी के लोग पहले अपना घर संभाल लें।

### मामले की शुरुआत

बताया जाता है कि राधिका खेड़ा और सुशील आनंद शुक्ला के बीच विवाद पुराना है. दोनों के बीच संबंध कभी अच्छे नहीं रहे. तनातनी का माहौल बना रहा. जब राहुल गांधी न्याय यात्रा के दौरान अंबिकापुर आये थे तब यात्रा प्रभारी जयराम रमेश ने सुशील आनंद को ज्यादा महत्व दिया था. सुशील आनंद के जयराम से अच्छे संबंध हैं. जयराम रमेश ने सुशील आनंद को राहुल गांधी के बाजू में बैठाया था. इसी बात को लेकर राधिका खेड़ा नाराज हो गयी थी. उन्होंने आपत्ति करते हुए सुशील आनंद से कहा था कि मेरी जगह आप कैसे राहुल गांधी के बाजू में बैठ गये. मेरा सम्मान नहीं हो रहा है. इस पर सुशील आनंद ने जवाब दिया था कि मैं अपनी मर्जी से नहीं बैठा था,मुझे जयराम रमेश ने बैठने कहा था.



# मुख्यमंत्री साय ने श्रमिकों के साथ लिया बोरे-बासी का मजा

## ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं, इन पर टिका है हमारा विकास

**रायपुर,1 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के गांधी चौक में आयोजित 'कामगारों का सम्मान समारोह' में शामिल हुए. इस दौरान सीएम साय ने श्रमिकों के साथ बोरे बासी भी खाया. वहीं मुख्यमंत्री ने श्रमिक दिवस की सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि श्रमिकों के साथ भोजन करने का मौका मिला. यहां श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलता है. रमन सरकार के दौर से यह योजना शुरू हुई थी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया भारत सरकार में 2 साल लेबर मिनिस्टर के रूप में काम किया. मैं गांव का रहने वाला हूं, श्रमिकों की समस्या हम समझते हैं. इतना कोई नहीं समझ पाएगा. ये झोपड़ी में रहकर लोगों के लिए महल बनाते हैं. श्रमिकों को नमन करता हूं, हमारा विकास इन्हीं पर टिका है. मल्लिकार्जुन खड़गे के राम और शिव को लड़ाने वाले बयान पर सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गई है. पूरे देश और छत्तीसगढ़ में जनता का विश्वास खो चुकी है. मुद्दे से भटक गए हैं और कुछ भी बोल रहे हैं.

# 'आरक्षण न हटाया है न हटेगा' : शाह

**कोरबा,1 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी धुआंधार प्रचार कर रही है. राज्य में तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को राज्य के दौरे पर पहुंचे. कोरबा के कटघोरा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर यहां 830 सुरक्षा बल तैनात किए गए थे. सभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले बता देता हूं कि जब चुनाव होता है तब प्रत्याशी कहते हैं प्रचार करने आइएगा. लेकिन मैंने सरोज पांडेय से कहा था मैं कोरबा जरूर आऊंगा. मैं भगवान राम के ननिहाल आया हूं. कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मसले को लटकाती रही. 22 जनवरी को हमने प्राणप्रतिष्ठा करके जय श्रीराम कर दिया. 500 साल के बाद हमारे जीवन में वह दिन आया जब हमने सूर्यतिलक देखा. कांग्रेस के नेताओं को हमने प्राणप्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा, लेकिन उन्होंने उसे आने से इनकार कर दिया. कांग्रेस आए तो पूछना किस मुंह से अब वोट मांगने आए हो.

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कांग्रेस के लिए वोटबैंक ही सबसे जरूरी. भूपेश सरकार ने नक्सलवाद को बढ़ावा दिया. 5 साल में कई राज्यों से बीजेपी ने



नक्सलवाद को समाप्त किया है. भूपेश बघेल फेक एनकाउंटर कहते हैं. नक्सलियों ने खुद इस बात को स्वीकर कर लिया कि हमारा नुकसान हुआ है. अब आप चिंता न करें. बीजेपी नक्सलवाद को खत्म कर देगी. नक्सलवाद को जाना ही जाना है. उन्होंने कहा कि कोरबा कठिन सीट है. पिछले बार आपने आशीर्वाद नहीं दिया था. अब सरोड पांडेय यहां से लड़ रही हैं. हर इलाके वाले कहते हैं हमारे सांसद को बड़ा बनाइए. हमने तो इतनी बड़ी नेता आपके लिए भेजा है.

गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी के 10 साल का रिकॉर्ड और 25 साल का एजेंडा भी है. छत्तीसगढ़ आदिवासियों का क्षेत्र है. पीएम मोदी ने कहा था हमारी सरकार गरीबों की होगी. हमनें गरीबों को घर दिया, नल से जल, गैस सिलेंडर, 5 लाख तक का बीमा, 5 किलो चावल, शौचालय दिया है. कोरोना का टीका मुफ्त में दिया. उस वक्स कांग्रेस इसे मोदी टीका कहते थे. देश के गरीब की चिंता करना और छत्तीसगढ़ को नंबर बन राज्य बनाने का लक्ष्य बीजेपी का है. बीजेपी ने कई महत्वपूर्व फैसले किए हैं. हमने कश्मीर से धारा 370 हटाया. कोरबा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है. कांग्रेस 70 साल से 370 को बच्चों की तरह गोद में खिलाती रही. पीएम मोदी ने 2019 को 370 को समाप्त कर दिया. 70 साल के बाद कश्मीर में तिरंगा लहराया. कांग्रेस कहती है पीएम मोदी आरक्षण हटा देंगे. आरक्षण न हटाया न हटेगा. पीएम मोदी ने अगर हटाया है तो 370 हटाया, नक्सलवाद हटाया है. कांग्रेस को हम आरक्षण हटाने नहीं देंगे, यह मोदी की गारंटी है. आदिवासियों के कल्याण के लिए बीजेपी ने काफी काम किए.

# भाजपा में शामिल हुईं रुपाली गांगुली



**नई दिल्ली,1 मई.** अनुपमा से लोगों के दिलों में जगह बनाने के बाद, अब टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली अपनी नई पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। जी हां, उन्होंने राजनीति में कदम रखने का फैसला लिया। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने विनोद तावड़े और अनिल बलूनी के साथ की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। हालांकि उन्होंने अभी तक ये स्पष्ट नहीं किया है कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगी या नहीं। ाजपा में शामिल होने के बाद रुपाली ने मीडिया से बातचीत की और इस दौरान उन्होंने अपने इस फैसले के पीछे का कारण बताया। रुपाली गांगुली ने कहा, 'महाकाल और माता रानी का आशीर्वाद है कि मैं अपनी कला के माध्यम से कई लोगों से मिलती रहती हूं और जब मैं ये विकास का 'महायज्ञ' देखती हूं तो मुझे लगता है कि क्यों न मैं भी इसमें भाग लूं...तो मैं यहां आ गई ताकि मैं किसी तरह मोदी जी के बताए रास्ते पर चलूं.

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर चालक और सवार की मौत

**कवर्धा,1 मई.** कवर्धा जिले के बोड़ला तहसील कार्यालय के पास मंगलवार रात अज्ञात पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक चालक और सवार की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. मामला बोड़ला थाना क्षेत्र का है.जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना में मरने वाले बाइक सवारों की पहचान बोड़ला निवासी दुर्गू नेताम (35 वर्ष) पिता महेश नेताम और प्रकाश यादव (34 वर्ष) पिता- दशरथ यादव के रूप में हुई है. दोनों बाइक से शराब दुकान रोड से बोड़ला की ओर आ रहे थे, तभी



जबलपुर से कवर्धा की ओर आ रही पिकअप ने बोड़ला तहसील ऑफिस के पास बाइक को जबरदस्त ठोकर मार दी. हादसा इतनी भयानक था कि दोनों बाइक सवार हवा में कई फीट ऊपर उछल गए और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जाँच शुरु कर दी.

# सैनिकों की फैमिली पेंशन में न हो कटौती

## सुप्रीम कोर्ट ने पीआईएल पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली,1 मई.** सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका (पीआईएल ) पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें एक मृत पूर्व सैनिक की फैमिली पेंशन में कटौती पर सवाल उठाया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ शुरू में इस जनहित याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं थी। पीठ इसे नीतिगत मामले के तौर पर देख रही थी। इसके बावजूद, वरिष्ठ वकील निधेश गुप्ता ने अपनी दलीलों से पीठ को केंद्र सरकार से जवाब मांगने के लिए मना लिया। अपनी दलील में वकील ने कहा



कि जब एक रिटायर सैनिक की कम उम्र में मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार के पालन-पोषण का पूरा बोझ उसकी विधवा पर आ जाता है। उसकी आय का एकमात्र संसाधन पारिवारिक पेंशन होता है। वकील ने आगे कहा कि एक रिटायर सैनिक को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन मिलती है। रिटायरमेंट के बाद वह दूसरी नौकरी करके पेंशन राशि की पूर्ति करता है। जब किसी पूर्व सैनिक की कम उम्र में मृत्यु हो जाती है, तो उसका परिवार उस वेतन को भी खो देता है जो वह दूसरी नौकरी करके हासिल कर रहा होता है। रक्षा कर्मियों को अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर सेवा पेंशन दी जाती है। व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में विधवा या आश्रित बच्चों को अंतिम वेतन के 30 प्रतिशत के बराबर साधारण पारिवारिक पेंशन दी जाती है। किसी सैनिक की मृत्यु के बाद विधवा या आश्रित को पारिवारिक पेंशन दी जाती है ताकि वह मृत सैनिक के परिवार के उन सभी सदस्यों का भरण-पोषण कर सके जो उसके जीवनकाल के दौरान उस पर निर्भर थे। हालांकि, पेंशन में इतनी भारी कटौती से बचे लोगों के लिए जीवनयापन की बढ़ती लागत को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाता है। याचिका में कहा गया है, ÷यह रिट याचिका सरकार की मनमानी और अन्यायपूर्ण पेंशन नीति के खिलाफ निर्देशित है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21 के तहत मृत सेवा कर्मियों की विधवाओं और आश्रित बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करती है। आपको बता दें कि देश भर में पूर्व सैनिकों की लगभग 6.50 लाख विधवा पेंशनभोगियों में से लगभग 85% यानी लगभग 5.53 लाख जेसीओ/ओआरएस रैंक के कर्मियों की विधवाएं हैं। जनहित याचिका में कहा गया है कि औसतन एक सैनिक का अंतिम वेतन 50,000 रुपये है, जिसका मतलब है कि सशस्त्र बलों से रिटायरमेंट के बाद कम उम्र में मरने वाले पूर्व सैनिक की विधवा के लिए सामान्य पारिवारिक पेंशन लगभग 15,000 रुपये होगी।

# फार्म हाउस में हुक्का पार्टी, पुलिस का छापा

**रायपुर,1 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर में अब प्रभु श्री राम के नाम पर फार्म हाउस शुरू कर वहां अनैतिक काम हो रहा है. फार्म हाउस में देर रात हुक्का पार्टी हो रही है. ऐसी ही एक पार्टी में रायपुर पुलिस ने रेड मारी है.

जहां करीब 40-50 लोगों के पहुंचने की सूचना पुलिस के पास पहुंची थी. इस मामले में पुलिस ने पार्टी ऑर्गनाइज करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है और पार्टी के पीछे किन-किन लोगों का हाथ है इसकी जांच कर रहे है. वहीं पुलिस इस मामले में दिल्ली से आए आरोपियों से भी पूछताछ कर रही है कि यहां उन्हें किसने बुलाया और ये फार्म हाउस किसका है ? और इसके पहले भी यहां ऐसी पार्टी में वे काम करने आए थे क्या ? इस पार्टी में कितने खास लोग होंगे इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां हुक्का ऑपरेट करने के लिए दिल्ली से 2-3 लोगों की विशेष टीम बुलाई गई थी जो पार्टी में शामिल लोगों को हुक्का पिला रहे थे. ये फार्म हाउस विधानसभा थानाक्षेत्र के पिरदा में बताया जा रहा है. उपरोक्त कार्रवाई धारा- 4ए, 4बी, 21ए सिगरेट और अन्य तंबाखू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का अधिनियम) के तहत किया गया है.

### आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं

राजेंद्र कुमार पिता रमेश कुमार कोली उम्र 28 साल पता मकान न. 499 सनलाईट कालोनी हरिनगर आश्रम नई दिल्ली थाना जीवन नगर नई दिल्ली.

सेम्यूल मसीह पिता विनोद मसीह उम्र 21 साल निवासी ग्राम जरानीकला थाना सकरोली जिला ऐटा उत्तर प्रदेश हाल मकान नं. 73/116 मेन चौक आलीगांव सरिता बिहार साउथ दिल्ली थाना सरिता बिहार.

नईम सैफी पिता हनीफ सैफी उम्र 20 साल निवासी मोईनुददीन थाना प्रतापपुर जिला मेरठ उत्तरप्रदेश हाल 131 मनोज हेल्थ क्लब उत्तर प्रदेश आलीगांव सरिता बिहार साउथ दिल्ली थाना सरिता बिहार.



फार्म हाउस में चल रही हुक्का पार्टी के खिलाफ कार्रवाई विधानसभा पुलिस ने की है. मैंने रायपुर के सभी थानाक्षेत्र के इंस्पेक्टरों को ये निर्देश दिए है कि ऐसी किसी भी पार्टी पर विशेष नजर रखे जहां हुक्का या नशे का कोई भी कारोबार हो रहा हो, और उनके खिलाफ कार्रवाई करें. साथ ही ये भी निर्देश दिए है कि वहां किसी प्रकार का ड्रग्स तो इस्तेमाल नहीं हो रहा है ये भी जांच करें.

**संतोष सिंह,एसएसपी, रायपुर**

## एक नजर

### अश्लील वीडियो वायरल,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 1 मई।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र एलएलबी की छात्रा की न्यूड फोटो और वीडियो वायरल परल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहे आरोपी को खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है पुलिस के मुताबिक आरोपी ने छात्रा के भाई को फोटो भेज दिया था न्यूड उतई थाना टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि 26 वर्षीय छात्रा ने शिकायत की है कि दुर्ग में एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी आरोपी नीरज तिवारी (30 वर्ष) की बहन उसके साथ पढ़ती थी उसके घर आते-जाते समय नीरज से जान पहचान हुई फोन पर बातचीत भी शुरू हो गई। इस बीच नीरज ने उसे बहला कर एक-दो बार होटल और रेस्टोरेंट में मुलाकत की। इस बीज नीरज ने उसका अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया भाई को भेजा अश्लील फोटो टीआई ने बताया कि आरोपी नीरज छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा ने उसे मना कर दिया पहले जान से मारने की धमकी दी और कहा कि उसके साथ मिलने जुलने का अश्लील फोटो और वीडियो रखा है उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा फिर भी छात्रा उसकी बातों में नहीं आई तब आरोपी ने युवती के भाई को मोबाइल पर अश्लील फोटो भेज दिया तब वह अपने भाई के साथ थाने पहुंची और मामले में शिकायत दर्ज कराई।

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई,1 मई ।** भिलाई-3 थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात के साथ घर में रखी बाइक भी चोरी कर ले गया। परिवार शादी कार्यक्रम में बिहार गए हुए थे रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि हथखोज निवासी अजय ड्राइवरी का काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 अप्रैल को शादी में परिवार सहित ग्राम-केंवललिया जिला सिवान बिहार चले गए थे। 28 अप्रैल को पड़ोसी ने फोनकर बताया कि घर का ताला टूटा है। मंगलवार को घर आया तो देखा कि आलमारी में रखे 11 नग चांदी का सिक्का, एक जोड़ी चांदी का पायल, मंगलसूत्र सोने का लॉकेट, सोने के कान का झुमका, चांदी का चेन 2 नग तथा घर में रखे मोटर साइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है इसकी जांच भिलाई-3 थाने की पुलिस कर रही है।

### घर से जेवरात,नगदी की चोरी

**भिलाई,1 मई ।** भिलाई घर में ताला लगाकर शादी कार्यक्रम में को में शामिल होने धमतरी जाना प्रार्थिया को भारी पड़ गया मौके का फायदा उठाकर अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम की चोरी कर ली पीड़िता की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है पुलिस के मुताबिक वार्ड 57 रामनगर उरला निवासी श्रीमती पिकेंश्वरी साहू 21 अप्रैल की सुबह 8 बजे परिवार सहित शादी कार्यक्रम में शामिल होने जोरातराई धमतरी गई हुई थी। 26 अप्रैल की सुबह उसकी बुआ का लड़का दीपक साहू ने फोन करके बताया कि वह मॉर्निंग वॉक करने निकला हुआ था तो घर के मेन गेट में ताला नहीं लगा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर देखा तो चैनल गेट आधा खुला हुआ था दरवाजे का ताला भी टूटा हुआ था ।

### चाकू लहराता युवक गिरफ्तार

**भिलाई,1 मई ।** भिलाई रुआबांधा बाजार में चाकू लहराते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है शनिचरी बाजार रुआबांधा के पास मुकुल सोना नामक व्यक्ति धारदार चाकू को लहराकर आम लोगों को डरा-धमका रहा है पेट्रोलिंग पुलिस पहुंचकर मुकुल सोना को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू बरामद किया है ।

### किशोरी की करंट लगने से मौत

**भिलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र कक्षा 8 वीं में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी की करंट लगने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस ने बताया कि मृतक वैष्णवी साहू है वैष्णवी की बड़ी बहन अपने नानी के घर गई हुई है उसके माता पिता किसी काम से रायपुर गए थे उस समय वैष्णवी घर पर अकेली थी अधिक होने वो तार पर सूखे कपड़े उठाने के लिए गई थी वैष्णवी एक लोहे की छड़ी की सहायता से घर के छज्जे पर सूख रहे कपड़े को निकाल रही थी। इसी दौरान वो स्टिक तार को टच कर गई है और करंट की चपेट में आ गई। घर में कोई नहीं होने से वैष्णवी को कौई बचाने नहीं आया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात 8 बजे जब माता पिता रायपुर से घर लौटे तो देखा कि घर के अंदर वैष्णवी मरी हुई पड़ी है पीएम के बाद शव किया गया परिजनों के हवाले-वैष्णवी के माता पिता ने मामले की सूचना जामुल थाना पुलिस को दी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची माता पिता की चीख पुकार सुनकर मोहल्ले वालों की भीड़ वहां जमा हो गई थी पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री स्थित मरचुरी भेजा गया पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।



### वक्ता मंच ने उत्कृष्ट कार्य के लिए 100 महिलाओं को सम्मानित किया

**रायपुर, 1 मई।** रविवार की रात्रि एक भव्य व गरिमामय कार्यक्रम मे प्रदेश की सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा विविध क्षेत्रों मे बेहतर कार्य कर रही 100 महिला प्रतिभाओं का राजधानी के वृंदावन सभागृह में सम्मान किया गया द्य महिला प्रतिभाओं ने कहा कि इस सम्मान से उनके हौसलों को नये पंख लगे है द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है ।

# चुनावी शोर में अंतिम व्यक्ति,युवा एवं महिला मतदाताओं का मिजाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 मई।** चुनाव का दौर है और इसी में आज विश्व श्रमिक दिवस मनाया जा रहा है। कल-कारखानों से लेकर उद्योग-धंधों तक श्रमिकों का सम्मान किया जा रहा है। बीजेपी पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय तो कांग्रेस महात्मा गांधी के अंतिम व्यक्ति की बात को लेकर अपना प्रचार कर रही है। दुर्ग लोकसभ चुनाव में मतदाताओं की देहरी पर प्रत्याशियों दस्तक तेज़ हो गयी है। खासकर बीजेपी एवं कांग्रेस के उम्मीदवार यहाँ की समस्त 9 विधानसभा क्षेत्रों में सघन दौरा कर रहे हैं। इसके साथ ही होर्डिंग्स, प्रचार वाहन एवं बैनर-पोस्टर से भी मतदाताओं को आकर्षित किया जा रहा है। मतदाता भी अपनी तरह से नेताओं को डील कर रहे हैं। विशेषकर युवा एवं महिला मतदाताओं का अपना ही मिजाज है। केंद्र सरकार का दावा है की उसने अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य किया है। इस अंतिम व्यक्ति का क्या है कहना। तरुण छत्तीसगढ़ ने कुछ ऐसे ही लोगों से बात की। देखिये क्या है इनका सोचना-

### अयोध्या में मंदिर बनने का उत्साह



अयोध्या में श्री राम का मंदिर बन गया है। सभी वर्ग उत्साहित है। यह जरूरी था। सालों साल से राम लला के विराजमान होने का देश इंतज़ार कर रहा था। व्यापार-व्यवसाय में असर जरूर है लेकिन दाल-रोटी चल रही है। उम्मीद है आने वाला समय बहुत अच्छा होगा।

**मिठाई लाल गुप्ता**
**महात्मा गाँधी नगर**

### कोई परेशानी नहीं होवत हे



मोर पहचान पत्र बन गे हे। सोसाइटी से चाउर भी मिलत हे। आधार कार्ड भी हे। कोई परेशानी नहीं होवत हे। महतारी वंदना वाले हजार रुपये भी मिलत हे। लेकिन थोड़ेकन ठौर-ठिकाना हो जातिस तो अच्छा रतिस।

**दातौन विक्रेता**
**पावर हाउस**

### ठीक है माहौल



पहले जैसा धंधा नहीं रहा। टैक्स थोड़ा कम करना चाहिए। शिक्षा पद्धति एक समान होना चाहिए। महंगाई पर लगाम जरूरी है और बेरोजगारी की समस्या भी दूर करें। केंद्र सरकार का काम संतोषजनक है। वैसे कुल मिलकर देखें तो माहौल ठीक है।

**मनोज सिंह निरंकारी**
**बुक डिपो, नई सर्कुलर मार्केट**

### देश की तरक्की में साथ हैं



सभी को अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने से खुशी है। लोग देश की तरक्की में साथ हैं। महतारी वंदन योजना के शुरू होने से घरों में खुशी का माहौल है। जहाँ तक व्यापार की बात है तो थोक की वजह से खुदरा व्यवसाय पर भी असर पड़ा है। पहले से ग्राहक कम हुए हैं। लेकिन धंधा चल रहा है।

**प्रशान्त पाणिग्रही**

### महतारी वंदना योजना से घर-घर में खुशी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को बहुत आगे बढ़ाया है। देखिये, महतारी वंदना में महिलाओं के खाते में हजार-हजार रुपये मार्च और अप्रैल में आ चुके हैं। यह बहुत बड़ी योजना है। घर-घर में खुशी का माहौल है। इससे बीजेपी को बहुत बड़ा लाभ होना तय है। किसानों के लिए भी बहुत काम हो रहे हैं।

**भीषम देवांगन**
**श्रमिक, कैंप-2**

### पीएचई विभाग के हरि राम यादव को दी विदाई



**कवर्धा, 1 मई।** पीएचई स्टाफ ईमानदारी से कार्य करते हुए सेवानृवित्त होने पर विदाई समारोह में कार्यपालन अभियंता जे के गोंड और एसडीओ दिलीप सिंह राजपूत ने गिफ्ट भेंटकर हेल्पर हरि राम यादव की विदाई की ।

## कवर्धा के नेताओं को मिली धरसींवा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी





**कवर्धा, 1 मई।** राजनांदगांव लोकसभा चुनाव खत्म होते ही भाजपा के प्रदेश संगठन ने जिले के नेताओं को अन्य क्षेत्रों में चुनाव कार्य में लगा दिया है. कवर्धा के जिला अध्यक्ष अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा और राजेंद्र चंद्रवंशी को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के धरसींवा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है. तीनों नेता पिछले तीन दिनों से पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दिशा निर्देश के तहत विधानसभा के तीनों मंडलों में दौरा कर चुनावी कार्यों की रफ्तार से अवगत हो रहे हैं और विभिन्न बैठकों के माध्यम से प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन के टिप्स देते हुए अपने अपने बूथों पे पार्टी के पक्ष में ज्यादा मतदान हेतु प्रेरित कर रहे हैं. इन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान के तहत हर बूथ में 370 वोटों की बढ़ोतरी के संकल्प के साथ कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं. आने वाले 1 मई को हमारे पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन को भी हर बूथ पे उत्साह के साथ मनाने की योजना बनाकर उसपे भी कार्य प्रारंभ किया गया है. जिस प्रकार कार्यकर्ताओं की मेहनत दिख रही है और लोगों में उत्साह है, उससे ये साफ साफ दिख रहा है कि हमारे लोकप्रिय प्रत्याशी प्रदेश में सर्वाधिक बढ़त के साथ जीत की ओर बढ़ रहे हैं।

### 'प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

दुर्ग, 1 मई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी गैर कार्यपालकों को विदाई



भिलाई, 1 मई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे गैर-कार्यपालकों को 30 अप्रैल को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित गरिमामयी समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेवानिवृत्त होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र से अप्रैल 2024 में कुल 126 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें 4 कार्यपालक, 117 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 5 सदस्य भी शामिल हैं। संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 117 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुए।



## ढाबा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन


**भिलाई, 1 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 30 अप्रैल को ग्राम ढाबा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ढाबा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 20 लोगों की जांच की गई जिसमें ग्राम के महिला, पुरुष एवं बच्चे सम्मिलित थे। इस शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सक डॉ सरस्वती, फार्मासिस्ट सूसन राय, शुगर एवं बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती फिरोजा जोसेफ व पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से श्रीमती सीता सिन्हा उपस्थित थी। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

## आज भी तालाब की भूमिका काफी महत्वपूर्ण



**कुरूद, 1 मई।** वर्षा के जल को रोक कर रखने के लिए तालाब काफी महत्वपूर्ण है। इससे हैंड पंप एवं बोर का जलस्तर बढ़ता है. पहले जमाने में राजा महाराजा लोग अंकाल की स्थिति में ज्यादा तालाब एवं कुआं खुदवा कर अपनी प्रजा को रोजगार देते थे। 80 के दशक के पहले लोग तालाबों का पानी पीने एवं नहाने के लिए उपयोग करते थे, पशु पक्षी और इंसान भी यहां आकर पानी पीते थे । तालाब इंसानों के लिए आज भी जीवन दायीनी साबित हो रहा है.अभी भी तालाबों का उपयोग पशुधन एवं समुदायों के लिए पानी का उपयोग किया जाता है । भानू चंद्राकर नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरुद ने नगर के तालाबों को लेकर कहा कुरूद- नगर पंचायत के रिकॉर्ड में आज भी तेरह तालाब स्थित है जिसमें से 10 तालाबों का उपयोग हो रहा है. दो तालाबों का नगर पंचायत में कांग्रेस की सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक भेट चढ़ गयी.रामसागर तालाब नगर का सबसे बड़ा तालाब है । उक्त तालाब से लगा हुआ मरहीडबरी तालाब तीन-चार सालों से जलकुंभी से अटा पटा पड़ा है. दोनों तालाबों को अनदेखा किया जा रहा है। ना ही पिंचिंग कार्य के लिए राशि मंगाया है। ना ही सुंदरीकरण कार्य हो रहे हैं. डबरी तालाब जलकुंभी से पूरी तरह पट चुका है । आज की स्थिति देखें तो दोनों तालाब अपने बदहाल पर आंसू बहा रहे है। भूपेन्द्र साहू जल प्रभारी नगर पंचायत कुरूद ने बतायाकि नगर के सभी तालाबों को पानी भरने के लिए कर्मचारी रात दिन भिड़े थे। लगभग सभी तालाबों में पानी भर गया है. नहर अचानक बंद होने के कारण एक, दो ,तालाब में पानी कम भर पाया है। फिर भी पानी कम नहीं पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## फोर्स में भर्ती के लिए स्पेशल ट्रेनिंग, एनआईएस एथलेटिक्स कोच देंगे प्रशिक्षण



**भिलाई, 1 मई।** भारतीय सेना सहित अन्य फोर्सेस में भर्ती के लिए विशेष प्रशिक्षण दुर्ग के रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में शुरू होने जा रहा है। सेना में भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं को लिए यह सुनहरा अवसर होगा। स्टेडियम में पुरुष व महिला दोनों वर्गों के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में एथलेटिक्स कोच ताजुद्दीन ने बताया कि सेना में भर्ती के लिए टफ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। शुरुआत में सही प्रशिक्षण नहीं मिल पाने के कारण अभ्यर्थी चयन से वंचित रह जाते हैं। ऐसे युवाओं के लिए मई माह में विशेष प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में सेना भर्ती की ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएसएफ, वन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस विभाग सहित अन्य सभी फोर्सेस में भर्ती के लिए शारीरिक फिटनेस ट्रेनिंग मानक के आधार पर करवाया जाएगा। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रशिक्षक एनआईएस एथलेटिक्स कोच ट्रेन करेंगे। इच्छुक युवा रवि शंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में सुबह 6 बजे पहुंचकर कोच से संपर्क कर सकते हैं।

## मतदाता जागरूकता बढ़ाने प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के मध्य हुआ फ्रैंडली क्रिकेट मैच



**दुर्ग, 1 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ भिलाई नगर निगम एवं जिला प्रशासन दुर्ग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता हेतु फ्लड लाइट फ्रैंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के मध्य खेला गया। जिसमें प्रशासन एकादश के कप्तान आईजी श्री रामगोपाल गर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रशासनिक एकादशी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए। जिसमें नगर निगम भिलाई के अधिकारी अरविंद शर्मा ने 42 रन तथा एसपी दुर्ग श्री जितेन्द्र शुक्ला ने 35 रन का बड़ा योगदान दिया। जिसके जवाब में नागरिक एकादश की टीम ने ताबड़ तोड़ बल्लेबाजी करते हुए ग्यारहवें ओवर में ही 116 रन बनाकर मैच की जीत अपने नाम की। इस मैच में प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के खिलाड़ियों ने जोर शोर से मतदाता जागरूकता के लिए अपनी प्रदर्शनी दिखाई। साथ ही अन्य नागरिकों ने भी खेल का आनंद लिया। इस मैच में प्रशासन 11 की ओर से सामान्य प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर (आईएएस),संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी दुर्ग श्री आर जी गर्ग, एसपी दुर्ग श्री जितेंद्र शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत श्री अश्विनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग श्री मुकेश रावटे, कमिश्नर भिलाई नगर निगम श्री देवेश कुमार ध्रुव, कमिश्नर रिसाली नगर निगम मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग श्री मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर श्री हरिवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री लवकेश ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर श्री मुकेश कोठारी, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण शामिल हुए एवं नागरिक एकादश की ओर से श्री राजेंद्र ठाकुर की अगुवाई में जिले के नागरिकों ने शिरकत की।

## आईजी ने साइबर मामलों की जांच की समीक्षा की



**भिलाई, 1 मई।** भिलाई दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने अपने कार्यालय के सभागार में रेंज के साइबर नोडल सहित प्रभारी एवं सायबर सिस्टम एडमिन की बैठक ली गई। रेंज के प्रत्येक थाना के कम से कम 1 से 2 अधिकारियों को साइबर ट्रेनिंग के माध्यम से दक्ष किया जाएगा। साइबर पोर्टल ,जेसीसीटी में लंबित शिकायतों के निकल पर जोर दिया गया दुर्ग रेंज आईजी गर्ग ने पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश के संबंध में भी जानकारी दी गई । अन्य राज्यो की पुलिस से साइबर संबंधी अपराधों की जानकारी पर आधारित पोर्टल जेसीसीटी पोर्टल के संबंध में जानकारी देकर चर्चा की। इस बैठक के माध्यम से आनलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतों पर किए जाए रहे कार्रवाई का विवरण लेकर फीड किए जा रहे समस्त प्रकार के डाटा, अपराधों की विवेचना, एफआईआर एवं सभी प्रकार की जांच कार्रवाइयां की समीक्षा भी की गई। ऑनलाइन शिकायतों पर फ्रीज अमाउंट, होल्ड अमाउंट, डिफ्रीज की प्रक्रिया के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जल्द दी जाएगी साइबर की बेसिक ट्रेनिंग- दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि दुर्ग,बालोद व बेमेतरा के साइबर सेल प्रभारी व एएसपी की मीटिंग ली गई। जो साइबर अपराध घटित हो रहे हैं। विवेचना की दक्षता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में रेंज के सभी थानों से कम से कम 1 से 2 अधिकारियों को साइबर की बेसिक ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें साइबर संबंधी मामले आने पर साइबर सेल पर डिपेंड ना कर स्वतंत्र रूप से काम करने की बात कही गई

### वोट डालने के बाद पत्रकारों ने कहा 'हमने तो मतदान कर दिया, अब आपकी बारी

**दुर्ग ।** भारत निर्वाचन आयोग ने पहली बार मीडिया कर्मियों को भी डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा मुहैया कराया है। दुर्ग जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री पवन देवांगन, श्री धनेंद्र सिंह चंदेल, श्री अशोक पंडा और इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधि श्री रघुनंदन पंडा और श्री अनिल पंडा ने भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) में जिला प्रशासन द्वारा मतदान हेतु बनाये गये सुविधा केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किये। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि हमने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लिया, अब आप लोगों की बारी है। पत्रकार बंधुओं ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई मतदान तिथि को अधिक से अधिक लोगों से अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने की अपील की है। अभी तक सरकारी महकमे के वे लोग ही डाक मतपत्रों से अपने मताधिकार का उपयोग करते थे, जिनकी चुनाव में ड्यूटी लगी हो, या फिर सुरक्षा बल में कार्यरत हो। लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र के चौथे प्रहरी मीडिया कर्मियों को भी इस दायरे में लाकर सुविधा देने का अभिनव पहल किया है। इसी कड़ी में जिन पत्रकारों को चुनाव आयोग ने निर्वाचन कार्यों की रिपोर्टिंग के लिए प्राधिकार पत्र जारी किया है। साथ ही जिन्होंने डाक मतपत्र से मतदान हेतु निर्धारित अवधि तक प्रारूप-12डी भरकर प्रस्तुत किये है, उन्हें डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा दी है। अब मतदान के दिन ये लोग अपना वोट डालने की चिंता छोड़कर आम चुनाव का वृहत कवरेज कर सकेंगे। सभी ने निर्वाचन आयोग के इस पहल का भूरी-भूरी प्रशंसा की है।



## बाल विवाह एक सामाजिक बुराई, कुप्रथा को रोकने की कलेक्टर ने की अपील

**मोहला 1 मई ।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने के लिए जिले के नागरिकों से अपील किया है। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि जिले के अंतर्गत यदि कहीं बाल विवाह का आयोजन होता है, तो इसे रोकने के लिए आगे आयें। जिले के कोई भी नागरिक बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन या महिला बाल विकास विभाग को सूचना दे सकते हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सभी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के मुख्य नगर पालिकाधिकारी को बाल विवाह रोके जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया है। विदित हो कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर के साथ ही घरेलू हिंसा में वृद्धि होती है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती व पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। यदि वर या कन्या विवाह पश्चात, बाल विवाह को स्वीकार नहीं करते हैं तो बालिग होने के पश्चात विवाह कों शून्य घोषित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह होने कि संभावना है। इस अवसर पर जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग के द्वारा बाल विवाह को रोकने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विवाह करने के लिए वर की आयु 21 वर्ष एवं वधू की आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है। इससे कम उम्र में विवाह करना प्रतिषेध एवं दंडनीय है।

# रायपुर लोकसभा में इस बार विकास उपाध्याय की होगी जीत:भूपेश बघेल

## भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेंडरी और बिटकुली में पूर्व सीएम ने किया जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 1 मई।** रायपुर लोकसभा में इस बार भाजपा का तिलस्म टूटने जा रहा है ,कांग्रेस के हमारे प्रत्यासी विकास उपाध्याय की जीत सुनिश्चित है और अब इस क्षेत्र का विकास,विकास उपाध्याय के हाथो ही होना है,उक्त बाते प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेंडरी और बिटकुली में अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। बघेल ने देश में संविधान की रक्षा,लोकतंत्र के बचाव के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की।इस अवसर पर विधायक इंद्र साव भी मौजूद थे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के दौरे पर थे।उन्होंने ग्राम पेंड्री और बिटकुली में जन संपर्क कर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्यासी विकास उपाध्याय के लिए वोट और समर्थन मांगा ।इस अवसर पर बघेल ने कहा की उनकी सरकार के समय बनाई गई सभी जनहित की योजना साय साय कर बंद हो रही है। जिससे पूरे प्रदेश में गरीब, मजदूर सभी हताश और निराश है। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी घोषणापत्र में शामिल योजनाओं को अमलीजामा पहनाया सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया बिजली बिल आधा किया बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया दो रुपये में गोबर खरीदी की सभी को शिक्षा मिले इस योजना के तहत आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की सौगात दी लेकिन जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो सारी योजनाओं को बंद कर दिया इसे कहते हैं बदले की भावना से काम करने वाली अहंकारी पार्टी यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा को तय करेगा इसलिए लोकतंत्र के महापर्व सात मई को पंजा छाप में बटन दबाकर भारी मतों से चुनाव जिताए और केंद में कांग्रेस की सरकार बनाए।आगे उन्होंने कहा की हमने प्रदेश की संस्कृति और परम्परा को जीवंत रखा,जिसके तहत गांव गांव में राजीव मितान क्लब बनाए गए ताकि गांव के महिला,पुरुष,बच्चे अपने संस्कृति के अनुरुप अपने खेलो को खेल सके।हमने सभी समाज के अराध्य दिवस को मिल जुल कर मानने छुट्टी की,लेकिन वो भी इस सरकार में साय साय नजर आ रही है। श्री बघेल ने आगे कहा की कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणापत्र में किए गए योजनाओं को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। घोषणापत्र में शामिल महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना दिए जाने की योजना से महिलाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है ।कांग्रेस ने इस योजना को प्रथम स्थान पर रखा है क्योंकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है महिला आत्मनिर्भर बनेगी तो समाज मजबूत होगा समाज मजबूत होगा तो निःसंदेह देश मजबूत होगा।कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी घोषणापत्र में शामिल योजनाओं को ग्रामीण अंचल के महिलाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा की रायपुर लोक सभा क्षेत्र से इस बार कांग्रेस के विकास उपाध्याय की जीत निश्चित है और जीत का अंतर आप सभी भाटापारा के लोगो को बढ़ाना है,जो जीत आपलोगो ने विधानसभा में इंद्र साव को दी थी उससे ज्यादा की अपेक्षा आप लोगो से है,ताकि इस क्षेत्र का विकास और अधिक गति से विकास उपाध्याय कर सके।देश के संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी 7 तारीख को कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करे ताकि हमारी माता बहनों को साल का 1 लाख रुपए मिल सके। इस अवसर पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने भी अपने संबोधन में कांग्रेस के विकास उपाध्याय को भारी मतों से जिताने की अपील की। साव ने कहा की कांग्रेस पार्टी जो वादा करती है उसे पूरी निभाती है । कांग्रेस पार्टी ने रायपुर के मिलनसार युवा नेता पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को अपना प्रत्यासी बनाया है जो पूरे क्षेत्र के लिए बड़े गर्व की बात है आप उनके पक्ष में भारी मतदान कर भारी मतों से विजयी दिलावे वे आपके सुख दुख के साथी है आपके हर समस्या का निदान करने के लिए उत्सुक हैं।

एक नजर

### निगम के गोपनीय और आवश्यक दस्तावेज का प्रभार दैनिक वेतन भोगी श्रमिक को देकर आयुक्त ने गलत किया:कुलबीर



**राजनांदगांव 1 मई।** नगर निगम के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कार्यालय से हटाकर मजदूरी कार्य के लिए रखे ठेकेदार मजदूरों को निगम के जरूरी दस्तावेज, नस्तियों सहित जिम्मेदारी व गोपनीय फाइलों को उनके हाथ से एक टेबल से दूसरे टेबल देने की जिम्मेदारी सुरक्षित नजर नहीं आ रही है वहीं अनियमित मस्टररोल में रखे कर्मचारियों के नाम से आदेश जारी कर स्थापना शाखा का प्रभार उचित नहीं लग रहा है जिसको लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर निगम की दस्तावेज फाइलों को बचाने व सुरक्षित रखने की मांग की है। वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कहा कि आपके द्वारा अनियमित कर्मचारी को निगम के स्थापना विभाग का प्रभार दिए जाने का नियमानुसार प्रावधान की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। श्री छाबड़ा ने कहा कि यह आश्चर्य का विषय है कि स्थापना शाखा जहां निगम के कर्मचारियों की सर्विस बुक तथा गोपनीय दस्तावेज जो कि सूचना के अधिकार के तहत भी प्रदान नहीं किए जाते तथा इन सब दस्तावेजों के गुम होने अथवा नष्ट होने से निगम के नियमित कर्मचारियों को बहुत बड़ा नुकसान है। निगम आयुक्त द्वारा अनियमित मस्टररोल में रखे कर्मचारियों के नाम से आदेश जारी कर स्थापना शाखा का प्रभार देना न्यायसंगत उचित नहीं है। वहीं नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को निगम कार्यालय से हटाकर मजदूरी कार्य के लिए प्रभार देने का आदेश जारी किया गाय है एवं ठेकेदारी प्रथा में रखे मजदूरों को निगम कार्यालय में निगम आयुक्त द्वारा आदेश जारी के नस्तियों को एक टेबल से दूसरे टेबल देने से निगम के दस्तावेजों को ठेकेदारी प्रथा से रखे गए मजदूरों के हाथ में आने से दस्तावेजों की जिम्मेदारी सुरक्षित नहीं जबकि ठेकेदारी प्रथा में रखे मजदूरों के हाथ निगम के सरकारी दस्तावेज देने का प्रावधान नहीं है।

### आयुक्त ने 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट के मोटर पंप मरम्मत कार्य का लिया जायजा



**राजनांदगांव 1 मई।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता जल सयंत्रगृह मोहारा एवं एनीकट का निरीक्षण कर जल भरान की स्थिति की जानकारी लिए, इसके अलावा 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 10 एचपी मोटर पंप मरम्मत कार्य का जायजा लेकर प्लांट में अतिरिक्त रखे पंप, मशीनों को दुरूस्त रख अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को दिये। आयुक्त श्री गुप्ता आज जल सयंत्रगृह मोहारा का निरीक्षण किये जहाँ 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट के 10 एचपी मोटर पंप मरम्मत कार्य किया जा रहा था जिसे देख उन्होंने कहा कि मोटर जल्द मरम्मत कर चालू करे इसके अलावा प्लांट में अतिरिक्त रखे पंप को चालू रखे ताकि मोटर खराब होने पर तुरंत बदला जा सके। उन्होंने प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम से कहा कि प्लांट के सभी मशीनों को दुरूस्त रखे इसके अलावा एलम, ब्लीचिंग के अलावा अन्य उपयोगी सामाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे। मशीने लगे स्थल पर ठंडा वातावरण के लिये कुलर लगावे, प्लांट के सभी कर्मचारी तीनों पाली में समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करे, गर्मी में पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा को ध्यान में रखते हुये किसी प्रकार की लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कई क्षेत्रों में पानी कम आने की शिकायत प्राप्त होती है, इसके लिये शहर की सभी उच्च स्तरीय जलागार (टंकी) को पूरा भरे, वाल्वमेन वाल्व खोलने में कोताही न बरते, किसी प्रकार की कठिनाई पर उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। उन्होंने मोहारा एनीकट के जल स्तर की जानकारी लेकर कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके से कहा कि जल स्तर कम होने पर मोगरा जलाशय से पानी लेने प्रक्रिया पूर्ण कर लेवे। इसके अलावा अमृत मिशन एवं निगम की टीम सामंजस्य बनाकर कार्य करे तथा पेयजल संबंधी पार्षदों एवं नागरिकों की समस्या का यथासंभव निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान जल विभाग के लिपिक श्री तुषार शुक्ला, जलसयंत्र गृह के लक्ष्मीकांत देवांगन एवं अमला उपस्थित था।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स कलेक्टर से मिले

**रायपुर 1 मई।** शहर में सोशल मीडिया के माध्यम से आम मतदाताओं को 07 मई को मतदान हेतु प्रेरित करने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स से जुड़े युवा अपनी भागीदारी देंगे। इस प्रस्ताव के साथ आज इन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की एवं मतदान केन्द्रों में इस बार मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा व स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स से चर्चा करते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान के प्रति जागरूक करना एवं देश की प्रगति के लिए मतदान करना सभी का दायित्व है।

### निधन-संध्या देवी साहू



**राजनांदगांाव।** अत्यंत दुख के साथ सुचित किया जाता है कि मानव मंदिर के संचालक श्री रमेशचंद्र जी साहू की छोटी काकी श्रीमती संध्या देवी साहू ( ध.प.स्व. श्री हरिकुमार जी साहू) नीरज साहू की माताजी का स्वर्गवास 30/04/24 को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 01/05/2024 को सुबह 9:30 बजे हमारे निवास स्थान साहू सदन अन्नपूर्णा डेरी से निकाली गई और अतिमि संस्कार किया गया।

### शक्ति पंप्स ने हासिल किया अब तक का सबसे ज्यादा रेवेन्यू और प्रॉफिट

**रायपुर 1 मई।** सोलर स्टेनलेस-स्टील सबमर्सिबल पंप, प्रेशर बूस्टर पंप, पंप-मोटर्स, कंट्रोलर और इनवर्टर सहित अन्य उत्पादों के अग्रणी निर्माता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, "FY24 शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, क्योंकि कंपनी ने रेवेन्यू और प्रॉफिट के मामले में अब तक का मजबूत प्रदर्शन किया है। यह हमारी गवर्नमेंट और एक्सपोर्ट बिजनेस दोनों में हमारे उत्कृष्ट प्रदर्शन को बताता है, जिसने स्न्ड्ड24 में क्रमशः 52% और 23% की रेवेन्यू में ग्रोथ दर्ज की है। हमारी प्रभावशाली ऑर्डर बुक, राशि 2,400 करोड़ रुपये, 31 मार्च 2024 तक हाल ही में 250.62 करोड़ रुपये के तीन नए ऑर्डर के साथ जनवरी 2024 की शुरुआत से हरियाणा और महाराष्ट्र में विस्तारित हुआ है। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड अपने ऑर्डर बुक के निरंतर विस्तार के बारे में आशावादी है, जो कृषक समुदाय के बीच सोलर पंपों को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। तिमाही के दौरान कंपनी ने सफलतापूर्वक 200 करोड़ रुपये क्यूआईपी के माध्यम दो प्रमुख म्यूचुअल फंडों से प्राप्त किये है।

## परीक्षा परिणाम से तनाव एवं दबाव महसूस न करें बच्चे:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 1 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम से बच्चों के मन में उत्पन्न निराशा और तनाव को दूर करने शिक्षकों एवं पालकों के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत के सभाकक्ष में दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, डीएफओ श्री आयुष जैन, मुख्य वक्ता सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज भिलाई के श्री चिरंजीव जैन एवं श्री संदीप जैन उपस्थित थे। दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम से जिले के विभिन्न स्कूलों एवं विकासखंड शिक्षा कार्यालय से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शिक्षक, पालक जुड़े रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों, पालकों एवं बच्चों की जिज्ञासाओं एवं उनके प्रश्नों का समाधान मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने शिक्षकों एवं पालकों से कहा कि बच्चों की कभी भी अन्य बच्चे से तुलना न करें, बच्चों को दुखी न करें और उन्हें हमेशा खुश रखना है। उनकी रूचि और भावनाओं को समझना है तथा संतुलन बनाए रखना है। बच्चों के परीक्षा परिणाम आने वाले हैं। जिसके कारण वे तनाव एवं दबाव महसूस कर सकते हैं। इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना है और घबराना नहीं है। अभिभावकों को समझना होगा कि उनके बच्चे ने बहुत अच्छा किया है। उन्होंने पालकों से कहा कि बच्चों की अभिरूचि को समझना होगा और उसी के अनुरूप पढ़ाई करानी चाहिए। आज विभिन्न क्षेत्र में कैरियर के लिए अच्छे अवसर हैं। बच्चे को उसकी रूचि के क्षेत्र की तैयारी कराना चाहिए। जिसमें उसका मन लगे और उसकी इच्छा हो। उस क्षेत्र में वह बहुत अच्छा कार्य कर सकते है। पढना एक जीविकोपार्जन का साधन नहीं है। जीवन की सफलता परीक्षा परिणाम से नहीं होती है। ये सिर्फ क्वालिफाई के लिए होती है। बच्चों को डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बच्चों को आसान तरीके से पढने की समझाइश दी।

## उप मुख्यमंत्री ने सांकरा भूमिया में कमल खिलाने की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 1 मई।** रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव तिल्दा नेवरा के ग्राम सांकरा भूमिया में विशाल सभा को संबोधित कर कमल खिलाने की अपील की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति बेहद खराब है। कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मची है। कांग्रेस जनता की विश्वसनीयता खो चुकी है। पहले तो कोई चुनाव ही नहीं लड़ना चाहता था। अब पार्टी के लोग ही अपने प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। जब कांग्रेस के अपनों को ही उन पर भरोसा नहीं रहा तो जनता को विश्वास कैसे होगा। कांग्रेस के नेता जिस तरह अपने ही नेताओं का विरोध करते दिख रहे हैं उससे स्पष्ट है कि, कांग्रेस लोकसभा चुनाव में शून्य में आउट होने वाली है। भाजपा सभी 11 सीट जीतने वाली है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी ही नहीं था धर पकड़ के प्रत्याशि को लाया जा गया है. रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया है. कोई लड़ने वाला तैयार ही नहीं था . भारतीय जनता पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत है कि इस बार 400 का आंकड़ा पार होगा. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन विश्व के लोकप्रिय नेता हैं. आज पूरा देश उनके तरफ निगाहें करके बैठा है. इस बार रायपुर लोकसभा रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे.सभी मतदाताओं से अपील है बृजमोहन अग्रवाल जी को पुरे प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जिताये वहीं धरसींवा विधायकअनुज शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल द्वारा पहले भाजपा सरकार के दौरान कराए गए कार्यों की याद दिलाते हुए कहा कि जब बृजमोहन अग्रवाल पीडब्ल्यूडी मंत्री थे उस दौरान उन्होंने एक एक गांव में पक्की सड़क का निर्माण कराया था। शिक्षा मंत्री रहते हुए क्षेत्र में स्कूल कॉलेज का निर्माण कराया था और सिंचाई मंत्री रहते हुए क्षेत्र में नहर का निर्माण कराया था। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की बात कही सभा में प्रमुख रूप सेपूर्व विधायक देवजी भाई पटेल , भाजपा रायपुर जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ,सरोरा सरपंच बिहारी राम वर्मा ,शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश वर्मा ,डाक्टर खुमान वर्मा ,यशवंत वर्मा ,तथा भारी संख्या में ग्रामीण जनता और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता दिनेश गांधी दुर्ग ग्रामीण के प्रचार में

**राजनांदगांव 1 मई।** भारतीय जनता पार्टी तीसरे चरण के मतदान के लिये दूसरे चरण प्रचार से फुर्सत पाये नेताओं की अन्य जिलों के विधानसभाओं में लोकसभा के प्रचार हेतु जिम्मेदारी सौंप रही है। जिले के लगभग सभी वरिष्ठ नेताओं को किसी न किसी लोकसभा क्षेत्र के विधानसभाओं में चुनाव प्रचार कार्य व चुनाव जीतने की रणनीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, इसी क्रम में जिले के कद्दावर नेता दिनेश गाँधी को दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री गांधी पिछले तीन दिनों से दुर्ग ग्रामीण के दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों का दौरा करके बैठके व चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके है। वे अपने प्रचार जत्थे के साथ दिन-रात प्रचार कार्य में तल्लीन है।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# सबका नंबर आयेगा, हमसे एक करोड़ की वसूली कराई, हम तीन करोड़ की कराएंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 1 मई।** लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेसी नेता नवाज खान के ऊपर बैंक से करोड़ो रु के बिल भुगतान सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिसका खंडन करते हुए श्री खान ने खुलासा करते प्रेस कॉन्फ्रेंस ली गई। इस दौरान नवाज खान ने पलटवार करते हुए भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

नवाज खान ने कहा कि जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव में 51 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की नियुक्ति बैंक संचालक मण्डल के द्वारा बैंक की मांग पर किया गया तथा उपरोक्त नियुक्ति 89 दिन के लिए बैंक के सुचारू संचालन सुरक्षा व्यवस्था हेतु भृत पद पर किया गया था। वर्ष 2020-21 तथा 2022-23 में जिसे अवैध नियुक्ति कहकर निकाल दिया गया। जबकि इसके ठीक विपरित पूर्व सरकार के समय 2011 से 2019 तक के कार्यकाल में इन्हीं लोगों के द्वारा 26 लोगों की नियम विपरीत नियुक्ति की गई। जो अभी भी बरकरार है। मेरे कार्यकाल में लगभग 4 नये बैंक खोले गये मेढ़ा, तरेगांव, रेंगाखार एवं रवेली जिसमें कुल भृत्त की तत्काल आवश्यकता थी। इसलिए यह भर्ती की गई थी। नवाज खान ने कहा कि उनपर आरोप लगाया गया कि 2020-21, 2022-23 में लगे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों पर लगभग एक करोड़ रू. व्यय हुआ तो 2011 से 2019 तक लगे कर्मचारियों पर कितना व्यय हुआ इसकी भी जांच की जानी चाहिए। नवाज खान ने बिलासपुर हाई कोर्ट आदेश की प्रति दिखाकर कहा कि भाजपा नेता सचिन बघेल नियम विरुद्ध तरीके से दोबारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष बन बैठे हैं। बीते शासन के दौरान सचिन बघेल को कार्यकाल पूर्ण होने के 14 महीने पहले ही अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया था। कोर्ट में केस चलने के दौरान उनका कार्यकाल खत्म हो गया। नियम के तहत दोबारा नए अध्यक्ष का मनोनय किया गया। नए अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म होने के तुरंत बाद ही सचिन बघेल कोर्ट का आदेश दिखाकर दोबारा अध्यक्ष बन बैठे। नवाज खान ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में नए अध्यक्ष के मनोनय के साथ ही सचिन बघेल के कार्यकाल की शेष अवधि विलोपित हो चुकी थी। फिर भी मनमानी करते हुए श्री बघेल दोबारा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ गए। जबकि कोर्ट के आदेश में साफ कहा गया है कि शेष अवधि के कार्यकाल के संबंध में शासन प्रशासन और पंजीयक से विचार विमर्श किया जाए। लेकिन सचिन बघेल ने पंजीयक से किसी तरह की लिखित अनुमति या फिर आदेश नहीं लिया और दोबारा अध्यक्ष का पद संभालने लगे जो कि नियम विरुद्ध है।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नवाज खान ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने उन पर किसानों की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

समाचार संक्षेप

### मोहभट्ठापारा में संजना विकास उपाध्याय ने किया चुनाव प्रचार



**तिल्दा नेवरा1 मई।** तिल्दा नेवरा के वार्ड 07 मोहभट्ठापारा में पूर्व पार्षद सुनील सोनी के घर पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय के चुनाव प्रचार प्रसार हेतु श्रीमति संजना विकास उपाध्याय,पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा,शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता शर्मा,शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती वर्मा, श्रीमति आशा यादव, के कृष्णमूर्ति,पूर्व पार्षद जितेंद्र सेन, बलौदाबाजार विधानसभा प्रभारी सोमेन चटर्जी सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा व संजना उपाध्याय ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय गारंटी योजना के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस को अधिक से अधिक वोटो से विजयी बनाने की अपील की गई।

### जिले की बेहतरी के लिए सभी विभाग उत्कृष्ट कार्य करें: कलेक्टर



**राजनांदगांव 1 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर सभी को हार्दिक बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि मतदान कार्य के दौरान सभी विभागों ने अपना कार्य अच्छी तरह से किया। आगे भी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निर्वाचन के लिए बेहतर कार्य करना है। कलेक्टर ने कहा कि जिले की बेहतरी के लिए सभी विभाग अपना उत्कृष्ट कार्य करें, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। सहकारिता विभाग किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत एटीएम सुविधा बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल की समस्या ग्रामों में नहीं होना चाहिए। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। सिंचाई विभाग किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही खेती का रकबा बढ़ाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों के बावजूद भी सभी जनपद सीईओ ने भी निरंतर कार्य किया है। जिले में सबसे ज्यादा मनरेगा श्रमिकों ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाने के निर्देश दिए। जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्य परिणाममूलक होना चाहिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि डीएमएफ मद से जनहित के कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव भेजें। राशन की आपूर्ति, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं, पेंशन जैसे महत्वपूर्ण कार्य अबाधित रूप से चलते रहें। उन्होंने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम आने वाले हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों को तनाव से दूर रखें और उनका ध्यान रखें। किसी भी बच्चे की तुलना अन्य बच्चों से नहीं करें। अभिभावक अपने बच्चों के प्रति सजग रहें और उनके लिए सकारात्मक माहौल बनाएं। उन्होंने श्रम विभाग के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में किसान धान की खेती करते हैं, जिसके लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसके कारण ट्रांसफार्मर पर लोड पड़ता है और लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने उप संचालक कृषि से कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कम पानी वाले फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित करें। इसके साथ ही उद्यानिकी विभाग अंतर्गत ऐसी फसलें, जिनमें कम पानी की जरूरत होती है, किसानों को बताएं। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की हुई बैठक

**मोहला 1 मई।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक जिला कार्यालय मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य बिंदु नक्सल पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने के उद्देश्य से सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए तथा नक्सली घटना में मृत व्यक्ति के परिवारों के सदस्य को शासकीय नौकरी अथवा आर्थिक सहायता प्रदान करने पुनर्वास करने के साथ-साथ पीड़ित परिवार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर आवास, एवं दैनिक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन व निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारीयों द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में जिले के पुनर्वास समिति द्वारा नक्सल पीड़ितों के आश्रितों एवं उनके परिवार के लोगों के कल्याण के लिए आगे की कार्यवाही राहत राशि एवं उनके पुनर्वास के लिए समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

## संपादकीय

# मौका मिले तो कोई छोड़ता कहां है

जब देश में लोकसभा का चुनाव हो रहा है तो राजनीतिक दलों की कोशिश होती है कि सामने वाले को हमला करने का कोई मौका न दे, सामने वाला गलती करे तो उस पर चौतरफा हमला किया जाए और साबित किया जाए यह राजनीतिक दल देश पर शासन करने योग्य नही हैं क्योंकि यह एक वर्ग विशेष का खास ख्याल रखती है। इसे पूरे देश के लोगों को उतना ख्याल नहीं है, जितना ख्याल एक वर्ग विशेष का है। अपने वोट बैंक का है। लोकसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के बीच होड़ सी चल रही है कि सामने वाले को देश में शासन करने अयोग्य साबित किया जाए। कांग्रेस जहां भाजपा को महंगाई, बेरोजगारी, लोकतंत्र व संविधान, आरक्षण पर सवालों के कठघरे में खड़ा कर रही है,वही भाजपा आर्थिक सर्वे, धन के वितरण, विरासत कर और मुस्लिम तुष्टिकरण पर निरंतर हमला कर रही है। कांग्रेस के नेता भाजपा को हमला करने का जितना मौका दे रहे हैं, भाजपा के नेता कोई मौका नहीं दे रहे हैं, वह कांग्रेस के हमले के जवाब में जनता को आश्वस्त कर रहे हैं कि कांग्रेस जो कुछ कह रही है, वैसा कुछ होने वाला नहीं है। कांग्रेस का महंगाई व बेरोजगारी का मुद्दा जरूर जनता के मन को छूता है कि हां देश में महंगाई व बेरोजगारी है लेकिन वह किसी चुनाव में इतना बड़ा मुद्दा बनता नहीं है कि उस पर कोई दल चुनाव जीत जाए और और कोई दल चुनाव हार जाए। जनता देख रही है कि यह दोनों मुद्दे बेरोजगारी व महंगाई तो आजादी के बाद से चुनाव का मुद्दा रहे हैं और यह हर सरकार के समय रहे है, कोई भी सरकार इस वादा करके भी समाप्त नहीं कर सकी है। हकीकत यह है कि महंगाई व बेरोजगारी को समाप्त नहीं किया जा सकता उसे नियंत्रित किया जा सकता है, मोदी सरकार की यह सफलता है कि उसने दोनों को दूसरे देशों की तुलना में नियंत्रित कर रखा है। जहां तक लोकतंत्र व संविधान को बदलने की बात है तो यह मुद्दा जनता को उतना प्रभावित नहीं करता है। क्योंकि यह अमूर्त है। महंगाई का पता चलता है, बेरोजगारी का पता चलता है, लेकिन लोकतंत्र खतरे में है, कहने से जनता को कुछ एहसास नही होता है,संविधान खतरे में हैं कहने से जनता को कुछ एहसास नहीं होता है। आरक्षण समाप्त करने का जरूर जनता को असर होता है क्योंकि कहीं भी आरक्षण कम या ज्यादा किया जाता है तो उसका पता जनता को चलता है। आरक्षण के मुद्दे पर जनता नहीं चाहती है कि कोई उसके आरक्षण को किसी भी वजह से कम करे, वह तो चाहती है कि उसे जितना आरक्षण मिल रहा है, उससे ज्यादा आरक्षण मिले। कांग्रेस भाजपा यह कहकर घेर कर रही है, यह सत्ता में आई तो आरक्षण को ही समाप्त कर देगी। लेकिन भाजपा तो दस साल से सत्ता में है, उसने ऐसा किया नहीं है, उसने ऐसा कोई इरादा नहीं किया है, क्योंकि वह जानती है कि इस देश में अब आरक्षण को समाप्त नहीं किया जा सकता। कांग्रेस जरूर कर्नाटक में मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में डालकर खुद को परेशानी में डाल दिया है क्योंकि भाजपा इसे इस तरह उठा रही है कि कांग्रेस के प्रति पिछड़ो, दलितों व आदिवासियों में नाराजगी पैदा हो। भाजपा देश के लोगों को बता रही है कि कांग्रेस संविधान की बात जरूर करती है लेकिन वह संविधान के खिलाफ काम कर रही है, संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। कांग्रेस पहले भी मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास कर चुकी है, अब भी कर रही है, वर्तमान में वह मुसलमानों को सीधे आरक्षम देने की जगह उन्हे पिछड़ा वर्ग में डालकर आरक्षण देने का प्रयास कर रही है। इससे होगा क्या इससे पिछड़े वर्ग क लोगों को जितना आरक्षण मिल रहा ता उतना मिलेगा नहीं। हाल ही में राहुल गांधी देश के राजाओं के खिलाफ कहकर पीएम मोदी व भाजपा को मौका दे दिया है कि वह बताए कांग्रेस देश के राजाओं का अपमान करती है, लेकिन नवाबों, बादशाहों पर चुप रहती है। इस मामले को भाजपा ने मुस्लिम तुष्टिकरण से जोड़ दिया है और कांग्रेस की परेशानी बढ़ा दी है। भाजपा दूसरे चरण से ही कांग्रेस नेताओं के बयानों के आधार पर हमला कर रही है और देश की बहुसंख्यक आबादी को बता रही है , चेता रही है कि कांग्रेस उसके खिलाफ है। भाजपा कांग्रेस के अल्पसंख्यक का जवाब बहुसंख्यक से दे रही है।

1 मई मजदूर दिवस पर...

निर्मल रानी

# आंदोलनरत अन्नदाता:उदासीन सरकार:खामोश मीडिया ?



इस समय पूरा देश, शासन,प्रशासन तथा मीडिया लोकसभा चुनावों के वातावरण में डूबा हुआ है। सभी राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों के निरर्थक आरोपों व प्रत्यारोपों को ज़बरदस्ती मुद्दा बनाकर जनता पर थोपा जा रहा है। आम लोगों की भावनाओं को झकझोर कर सत्ता में बने रहने के कुटिल प्रयास किये जा रहे हैं। परन्तु इसी चिलचिलाती धूप और तेज़ गर्मी में देश का अन्नदाता आंदोलनरत है। गत 17 अप्रैल से किसानों के प्रमुख संगठन संयुक्त किसान मोर्चा ( ग़ैरराजनीतिक) और किसान मज़दूर मोर्चा ने अम्बाला-राजपुरा के मध्य पड़ने वाले शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक को जाम कर रखा है और वहां प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन की वजह से सैकड़ों ट्रेन्स के संचालन के प्रभावित होने की ख़बर है। इसके अतिरिक्त दर्जनों ट्रेन्स के रद्द होने का भी समाचार है जबकि 54 ट्रेनों के मार्ग बदले जाने की सूचना है। सैकड़ों माल गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हो रहा है। ज़ाहिर है किसान आंदोलन के चलते ट्रेन परिचालन में आने वाली इस बाधा का सीधा असर आम जन जीवन पर पड़ रहा है। इस धरने के कारण केवल यात्रियों को ही भारी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा बल्कि रेलवे को भी काफ़ी आर्थिक क्षति सहन करनी पड़ रही है। शंभु रेलवे स्टेशन पर रेल ट्रैक पर दिये जा रहे धरने के क़रीब ही रेल लाइन के सामानांतर जा रही जी टी रोड पर स्थित शम्भू बैरियर पर तो किसानों ने गत फ़रवरी माह से लगभग स्थाई मोर्चा लगा रखा है। और लुधियाना-राजपुरा-अम्बाला मार्ग तभी से बाधित है। शम्भू बैरियर पर फ़रवरी से बैठे किसानों की प्रमुख मांगें वही हैं जिन्हें लेकर 2 वर्ष पूर्व किसानों ने दिल्ली के चारों ओर मोर्चे बंदी की थी और सरकार द्वारा विवादित कृषि क़ानूनों को वापस लेने सहित किसानों की मांगों को माने जाने की घोषणा की गयी थी। इसी के बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित किया था। इन्हीं मांगों में किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एम एस पी लागू करने जैसी प्रमुख मांग भी शामिल थी।

जबकि गत 17 अप्रैल से शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर बैठने वाले किसान संगठन तो वही हैं जो शम्भू बैरियर व खनौरी की हरियाणा-पंजाब सीमाओं पर फ़रवरी से बैठे हैं परन्तु इनकी मांगें कुछ और ही हैं। यह रेल रोको आंदोलन किसान नेता नवदीप सिंह व अनीश खटकड़ और गुरकीरत सिंह को रिहा कराने के मक़सद से किया जा रहा है। आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि इन तीनों किसानों को हरियाणा पुलिस द्वारा झूठे मामलों में फंसाया गया है। इसमें से एक अनीश खटकड़ ने तो जेल में मरणव्रत भी शुरू कर दिया था जिसे बाद में किसान नेताओं ने ही जेल में जाकर ख़त्म कराया। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उक्त तीनों किसानों की रिहाई नहीं हो जाती, तब तक किड्सन रेल ट्रैक से नहीं हटेंगे न ही रेलवे ट्रैक खोले जाएंगे। किसान जत्थेबंदियों ने हरियाणा सरकार को यह चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही हरियाणा सरकार ने तीनों किसानों को रिहा नहीं किया तो आंदोलन को और भी तेज़ किया जाएगा। इस आंदोलन का सीधा असर रेलवे यात्रियों पर पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी में अपने गंतव्य पर पहुँचने की अनिश्चितता ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कई स्टेशन पर यात्री ट्रेन के इंतज़ार में बैठे हैं। परन्तु ट्रेन की कोई जानकारी नहीं। बच्चे,महिलायें,बुज़ुर्ग सभी जगह जगह रेल प्लेटफ़ार्म पर परेशानियां झेलने को मजबूर हैं। वैसे भी दिल्ली अमृतसर रुट पर पड़ने वाला शम्भू रेल ट्रैक एक ऐसे अति महत्वपूर्ण रेल रुट पर स्थित है जिससे होकर वंदे भारत,शताब्दी,संपर्कक्रांति,स्वर्ण शताब्दी जैसी जम्मू,अमृतसर,फ़िरोज़पुर,भटिंडा,गंगानगर,जालंधर,लुधियाना मार्ग की सैकड़ों ट्रेन्स गुज़रती हैं। सवाल यह है कि चुनावी लफ़्फ़ाज़ियों में लगी सरकार जोकि स्वयं को किसानों का सबसे बड़ा हितैषी भी बताती रहती है वह आख़िर किसान आंदोलन व रेल व सड़क जाम के चलते आम लोगों को होने वाली परेशानियों से निजात क्यों नहीं दिलाती। जो सरकार भाषणों,विज्ञापनों व गोदी मीडिया के माध्यम से देश को बताने की कोशिश करती रहती है कि अन्नदाताओं की सबसे बड़ी शुभचिंतक सरकार यही है,वह इन आंदोलनकारी किसानों को यही बात क्यों नहीं समझा पाती ? बड़ा आश्चर्य है कि किसान और इस आंदोलन से प्रभावित होने वाली आम जनता,यात्री,वाहन चालक से लेकर किसान तक सभी दुखी व परेशान हैं परन्तु सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी 'सेनापति' उनके मुंह से निकली बातों को ही ब्रह्म वाक्य समझ कर प्रचारित करने लग जाते हैं। जबकि वीरेंद्र सिंह जैसे कुछ बाज़मीर नेता किसानों के साथ हो रही नाइंसाफ़ी को लेकर भाजपा का साथ छोड़ने से भी नहीं कतराते। सच तो यह है कि झूठ को सच बताकर परोसने वाली व जन सरोकारों से मुँह मोड़कर फ़ुज़ूल की निरर्थक बातों में जनता को उलझा कर रखने वाली ऐसी असंवेदनशील सरकार देश में पहले कभी नहीं देखी गयी। बहुमत का ऐसा अहंकार कि पंजाब,कश्मीर और मणिपुर जैसे कई छोटे राज्यों के लोगों की समस्यायें इसे समस्यायें ही नज़र नहीं आतीं?मांस,मछली,मुसलमान,पाकिस्तान,घुसपैठिये,मुझे मारो,मुझे गाली दो ,मुझे पीटो,नेहरू ने देश बर्बाद किया,परिवारवाद पर झूठा प्रवचन,मंगलसूत्र,भ्रष्टाचार पर दोहरा मापदंड,लोकतंत्र की हत्या,सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग,पूंजीपतियों को संरक्षण,हत्यारों व बलात्कारियों की सरपरस्ती जैसी मोदी व भाजपा नेताओं की पसंदीदा बातों



में से कोई भी बात जनसरोकारों से जुडी नहीं है। बल्कि यह सब जनविरोधी बातें हैं। परन्तु इनका पूरा चुनावी खेल इनपर व इन जैसी ही तमाम विवादित बातों पर आधारित है। न इन्हें किसानों के आंदोलन की फ़िक्र ,न रेल यात्रियों की परेशानियों की चिंता,न ही सड़क जाम की परवाह। मंहगाई बेरोज़गारी तो इनके लिये चर्चा का विषय है ही नहीं। उसके बावजूद झूठी लोकप्रियता व आत्ममुग्धता का नशा इनके सर चढ़कर बोलता रहता है। यह शासन व प्रशासन की ज़िम्मेदारी है कि वह किसानों के इस धरने की वजह से आम लोगों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाये। कहना ग़लत नहीं होगा कि एक ओर जहाँ अन्नदाता आंदोलनरत है वहीं सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह उदासीन है साथ ही सरकार की जी हुज़ूरी में लगा मीडिया भी इतने संवेदनशील विषय पर पूरी तरह ख़ामोश है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लम्बे समय से रूके हुए सरकारी काम आज पूरे हो जायेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके प्रयासों से परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। लेकिन सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार अवश्य करें। आज विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई और करियर से संबंधित गतिविधियों को लेकर गंभीर रहेंगे। अपरिचित लोगों पर बिल्कुल भी भरोसा ना करें। व्यवसाय में वर्तमान गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी।

मिथुन राशि- आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ भी सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा, आप धार्मिक समारोह का आयोजन करवा सकते है।

सिंह राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज घर में नवीन वस्तु की खरीदारी भी संभव है। साथ ही रिश्तेदारों की आवा-जाही बनी रहेगी। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको ख्याति मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों में फाइनेंस का ध्यान जरूर रखें। आज व्यवसायियों के साथ चल रहीप्रतिस्पर्धा से दूर रहें। आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यभार की अधिकता की वजह से ऑफिस में देर तक रुकना पड़ सकता है। आपके उत्तम व्यक्तित्व औरव्यवहार कुशलता की वजह से सामाजिक गतिविधियों में आपकी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी। आज कोई व्यवसायिक यात्रा होने की संभावना है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के मामलों में उलझने से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। मेहनत के बल पर आपको काम में सफलता मिलेगी।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी विशेष सफलता को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगे, जिसमे काफी हद तक सफल भी रहेंगे। आज अचानक कुछ खर्चे सामने आएंगे। फैसले लेने में दिक्कत आए तो किसी वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह अवश्य ले। निश्चित ही हल निकलेगा। फाइनेंस संबंधी मामलों में किसी भी तरह की समस्या आने पर किसी अनुभवी का मार्गदर्शन लेना उचित रहेगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सकारात्मक विचारधारा के लोगों के संपर्क में रहने का अवसर मिलेगा। आज अपनी मूल्यवान वस्तुओं को बहुत संभालकर रखें, साथ ही अनावश्यक बढ़ते खर्चों पर भी अंकुश लगाएं। आज छात्र अपने करियर संबंधी समस्याओं को सहपाठियों से शेयर करेंगे। अधिकतर व्यावसायिक काम समय पर निपट जाएंगे। परंतु कार्यभार की अधिकता अभी बनी रहेगी।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कोई शुभ समाचार मिलेगा औरखास काम बन जाने से मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रकार की प्रॉपर्टी संबंधी अगर कोई मामला रुका हुआ है, तो आज वह पूरा हो जायेगा। आज सफलता पाने के लिए बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। दूसरों की बातों पर विश्वास ना करके अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे तो आपका काम बन जायेगा। दूर रहकर नौकरी करने वालों को आज अपने परिवार वालों से मिलने का मौका मिलेगा।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। हर काम योजना बनाकर पूरा करने की कोशिश करें। नौकरी कर रहे लोगों को कोई नयी जिम्मेदारी दी जा सकती है। जिसे आप बखुबी पूरा कर लेंगे। ध्यान रखिए कि घर की बात बाहर उजागर ना हो। आज आपको कोई खास उपलब्धि मिलने वाली है। इसलिए व्यवस्थित दिनचर्या बनाएं औरअपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। छात्रों को अपनी पढ़ाई और करियर को लेकर की गई मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

## व्यंग्य

# मतलब की दुनिया

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

कहते हैं किसी से काम लेना हो तो पहले उसका मूड देख लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया के मार्केट में केवल शेयर ही नहीं सूरतें भी लुढ़कते हैं। हमारे मित्र बदनसीबलाल का मूड़ आज बहुत अच्छा है। जैसे ही मैं उनके यहाँ गया



मुझे नाश्ता-वाश्ता करवाया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोले - आज सुबह तुमने जंतर-मंतर की रैली वाली बात कर के मेरा दिल जीत लिया। आज मेरी सभी मुरादें पूरी होंगी। मैंने कहा - अरे यार! तुम आदमी हो कि पैजामा? आज सूरज कहाँ से निकला है? मैं इससे पहले जब कभी रैलियों के बारे में कुछ कहता तुम भड़क जाते। भाषण देना शुरु कर देते कि यह रैली-वैली सब बेकार है। बड़े लोगों के टाइमपास करने का शगल और अपच को पचाने का बहाना है। और आज तुम्हीं रैलियों का नाम सुनकर विजयी स्वतंत्र उम्मीदवार की तरह नाच रहे हो। तबीयत तो ठीक है न? कहूँ तो डॉक्टर को बुला दूँ।

बदनसीबलाल अपनी उफान मारती खुशी से चहक उठे और कहने लगे - तुम्हें क्या पता रैलियों का सुख। इसके लिए भोगी बनना पड़ता है। वह भी सताने वाले लोगों का। रैली में अभिनेता या क्रिकेटर आते तो मैं नहीं जाता। आज जो आ रहे हैं उनसे मेरा गहरा नाता है। मेरी दुखती रग का वही इलाज हैं।

वहाँ आने वालों को बखूबी पता है कि जंतर-मंतर कोई जलियांवाला बाग तो है नहीं कि उन्हें जनरल डायर भून देंगे। वे तो ऐसे हैं जनरल डायरों को अपनी बगल में दबाए घूमते हैं। अच्छा हुआ जनरल डायर अब नहीं रहा, अगर वह होता तो आज उसका जलियाँवाला बाग हो जाता। जो भी हो आज मैं इस रैली में उन लोगों से मिलूँगा जिनसे मुझे मिलने की एक अरसे से इच्छा थी। पता भी है यहाँ जनहित के बारे में बात करने वाले कैसे-कैसे लोग आते हैं?

जानते भी हो वहाँ कौन-कौन आते हैं क्या नयी बात है ? स्वाभाविक है। तू तो हर शादी में फोटो खिंचाने को आगे-आगे भागता है। बेटा, भ्रष्टाचार के विरोध में अगर सारे भ्रष्टाचारी फ़टाफ़ट जाकर तख्त पर आगे-आगे बैठ जाते हैं तो यह भी उनके भ्रष्टाचार का ही विस्तार है। ऐसी-तैसी करा। वैसे करना क्या है आज तुझे ?

बैंक की पेटी में चेक डाला था, खो गया। उसका पता करना है। एक उद्योगपति जिसे भरत-रत्न मिलने की पूरी उम्मीद है, की कंपनी ने मेरी सिक्योरिटी मार ली है। उसपर केस डाला है, वहां जाना है। एक कोरियर वाले ने पैसे ज़्यादा लेकर भी कोरियर नहीं पहुंचाया, वहां जाना है। एक पड़ोसी जो शायद तुझे वहीं बैठा मिलेगा, मेरे कोर्टयार्ड के बराबर में नाजायज़ कमरा बना रहा है, उस सिलसिले में वकील के पास जाना है, एक संपादक ने स्वीकृत रचना तीन साल बाद लौटा दी, उससे बात करनी है, एक बिना मीटर के पड़ोसी ने तार हमारे कनेक्शन में डाल दिया था, उसके पैसे हमारे बिल में लगकर आ गए, उसका निपटारा कराना है, जल विभाग ने बिल में हज़ार रुपए ज्यादा लगाके भेज दिए हैं वहां जाना है, प्रोपर्टी टैक्स का झूठा नोटिस आया हुआ है वहां जाना है..

हो सकता है ये सब तुझे वहीं बैठे मिल जाएं!

वहां नहीं तो और कहां मिलेंगे।

÷ओ बस कर यार ! यही करता रहता है कि कुछ काम भी करता है ?

÷यही करता है। काम तू कर ना। जाके दर्ज हो इतिहास में, तुझे क्या रोक रहा हूं?

तू भी यही करता रह। पर एक बात बता दूं, इतिहास में कभी दर्ज नहीं हो पाएगा।

अरे, मेरे पास टाइम नहीं दर्ज होने का। तू जा ना। एक बात बता, कोई सारी जिंदगी भ्रष्टाचार से लड़ता रहा हो पर वो इस आंदोलन में न जा पाए, तो क्या उसका सारा किया-धरा, अनकिया हो जाएगा !?

फिर वही बेवकूफी की बातें!

मैं तो ऐसी ही बातें करता हूं, तू निकलता क्यों नहीं !?

हां, ठीक है, जाता हूं।

ठीक है।

ठीक है तो ठीक है।

## चिंतन

ललित गर्ग -

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों को नया विमर्श दें



लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान में एक आवाज बहुत धीमी पर एक वजन और पीड़ा के साथ सुनने को मिल रही है कि इस चुनाव को येन-केन-प्रकारेण जीतने के सभी जायज एवं नाजायक प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन नैतिकता, मूल्य एवं आदर्श की बात कहीं भी सुनाई नहीं दे रही है। देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है। देश को दिशा देने एवं कोई नया विमर्श खड़ा करने का नेताओं के पास अभाव है, जो अपने-आप में एक त्रासदी है। मतदाताओं की लोकतंत्र के महाकुंभ में भागीदारी का घटना भी एक चिन्ता का सबब है। जबकि किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है।

विभिन्न राजनीतिक दल आरक्षण का मुद्दा खड़ा करके जहां अल्पसंख्यकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते हुए भाजपा को आरक्षण विरोधी बता रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण विषयक बयान को तोड़-मेरोड कर झूठे एवं फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा के चरित्र को धुंधला रहे हैं, वहीं आम महिलाओं के डर का सहारा लेते हुए उनके मंगल सूत्र और स्त्री धन को छीन लिए जाने की बात कही जा रही है। सैम पित्रोदा के विरासत कर संबंधी बयान से आम जनता के धन को हथियाने की बातें भी हो रही है। लेकिन प्रश्न है कि क्या कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की संभावना है? सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। चुनाव अभियान तीसरे चरण की ओर अग्रसर हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है।

एक-दूसरे की नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना चुनाव का हिस्सा बनी हुई है और बनना भी चाहिए। लेकिन एक-दूसरे पर भीषण एवं भद्दे आरोप लगाना, लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन है। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के ताने-बाने को क्षति पहुंचाने की चेष्टा का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी दल भाषणों में नैतिकता की बातें करते हैं और व्यवहार में अनैतिकता को छिपा रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों की ही बात करें तो पिछले सप्ताह तक ही आचार संहिता उल्लंघन की 200 से अधिक शिकायतें आ चुकी है। जिनमें से 169 शिकायतों पर आयोग ने कार्रवाई की है। शिकायतों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। वास्तव में इन चुनावों में नेताओं ने भाषा एवं भावों को इतना बदरंग, अशालीन एवं भोंथरा कर दिया है कि शर्म-सी महसूस होती है।

दागी उम्मीदवारों के दागों का पर्दापाश होना भी इन चुनावों का हिस्सा है। कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने से देखा गया है कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटना हुई है। रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक ही सीमित नहीं है, अब अनेकों शिकायतें सामने आएगी और हर शिकायत को ईमानदारी से परखना होगा। सबसे ज्यादा गंभीर बात तो यह है कि आरोपी जर्मनी भाग गया? अगर रेवन्ना दोषी हैं तो उन्हें कानून का सामना करना चाहिए। अगर वह कानून से भागेंगे तो इससे उनकी पार्टी और एनडीए दोनों को ही नुकसान होगा। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र है और उन पर लगे आरोप बहुत ही गंभीर और शर्मनाक है। सत्ता का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग ज्यादा समय तक लाभकारी नहीं होता है। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न ज्यादती की सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। बात प्रज्वल रेवन्ना एवं बृजभूषण शरण सिंह तक सीमित नहीं हैं, विशेषतः चुनाव में ऐसे मुद्दों का उठना प्रासंगिक है, जिससे उम्मीदवारों को अपने गिरेबार में झांकने का अवसर मिलता है। राजनीतिक दलों को भी उम्मीदवारों का चयन करते हुए उनके चरित्र की परख गहराई से करनी ही चाहिए।



वर्ष 2024 के चुनावों में हम सात में से तीसरे चरण की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक भाजपा की चुनावी थीम सामने नहीं आई है, विपक्षी दलों के घोषणा पत्रों या चुनावी बयानों की चीरफाड ही होती हुई दिख रही है। आतंकवादियों और दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारने की बात करने वाली भाजपा के बयानों में चीन पूरी तरह गायब है और पाकिस्तान का जिक्र भी बहुत कम है। निश्चित ही भाजपा जीत की ओर अग्रसर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन सुनिश्चित जीत के साथ सुनिश्चित भविष्य की बात भी होनी ही चाहिए। हकीकत में चुनाव में अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद मोदी का जादू चल रहा है, ऐसी अनेक वजहों से 2024 असाधारण रूप से बिना सशक्त मुद्दे के ही गतिमान है। आश्चर्य की बात यह है कि हमारी राष्ट्रीय राजनीति के मौजूदा दौर के सबसे बड़े जादूगर नरेंद्र मोदी ने अब तक इन चुनावों के लिए कोई सशक्त मुद्दा नहीं पेश किया है जो पहले से सातवें चरण तक चल सके। हर चुनावी चरण एवं सभा में एक नया मुद्दा उभर रहा है, जो कुछ दूर चल कर पृष्ठभूमि में चला जाता है। भाजपा की ओर से इन चुनावों में मोदी ही मुद्दा है। चुनाव अभियान का आरंभ करते हुए कहा गया कि नरेंद्र मोदी ही भारत को अधिक ऊंचा वैश्विक कद दिला रहे हैं। भारत मंडपम में जी 20 शिखर बैठक को भुनाने की कोशिश हुई। लेकिन यह भी मुद्दा चुनावी गणित में फिट नहीं हुआ। महिला मतदाताओं को लुभाने का दांव भी चला। निर्वाचन वाली संस्थाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए आनन-फानन में पारित कानून इसका हिस्सा था। लेकिन भाजपा के चुनाव प्रचार में इसका जिक्र भी नहीं सुनने को मिल रहा है। इन चुनावों में भी पार्टी के उम्मीदवारों में महिलाओं की हिस्सेदारी 16 फीसदी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भी चुनावों के लिहाज से गर्म मुद्दा माना गया था। इसके बावजूद विभिन्न राज्यों में भाजपा के नेताओं के चुनाव भाषणों पर नजर डालें तो पता चलता है कि उनमें इस पर जोर या इसका जिक्र नहीं है। यह मुद्दा हाल में तब उठा जब ऐसे संकेत मिले कि राहुल और प्रियंका गांधी राम मंदिर जा सकते हैं। कुछ सप्ताह पहले भारत रत्न की घोषणा का मुद्दा भी दूर तक नहीं चल सका। ऐसी अनेक उपलब्धियां एवं ऐतिहासिक कार्य हैं, जो मोदी के कद को ऊंचा तो बनाते हैं, लेकिन चुनाव की दिशा को एकदम एवं दूर तक प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं।

बात राज्यों की हो या केन्द्र की, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर चुनावों में चर्चा होनी ही चाहिए। भारत के मतदाता मिलकर सरकारों को जवाबदेह ठहराने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। लेकिन मौजूदा लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान 2019 की तुलना में 7 प्रतिशत कम हुआ है। यह एक चिंताजनक संकेत है और चुनावी प्रक्रिया से मतदाताओं के अलगाव को दर्शाता है। यह भाजपा के मतदाताओं में चली आई आत्मसंतुष्टि की ओर भी संकेत करता है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि, इसका एक और पहलू यह भी है कि 2023 में, प्यू रिसर्च सेंटर ने भारतीय मतदाताओं का एक सर्वेक्षण किया था, जिसमें पता चला था कि 85 प्रतिशत लोगों ने भारत में सैन्य शासन या निरंकुश नेता का समर्थन किया था। क्या शासन के अच्छे तरीके के रूप में लोकतंत्र के समर्थन में गिरावट का ही परिणाम कम होता मतदान है? अगर मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना विश्वास खो रहे हैं तो यह भारत के लोकतंत्र और भविष्य के लिए चिंताजनक संकेत है। इससे निर्वाचित नेता भी जनता के प्रति जवाबदेही से मुक्त होने लगेंगे। भारत के मतदाताओं को समझना चाहिए कि पिछले सतहत्तर वर्षों में देश की सफलता उसके लोकतंत्र की सफलता पर ही आधारित रही है। इसलिये मतदाता को जागरूक होकर अधिकतम मतदान करना चाहिए। साथ-ही-साथ मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।

# हमारी भाजपा सरकार ने प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से तेंदूपत्ता खरीदने का निर्णय लिया है :चैतराम अटामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 1 मई।** भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने हीरानार स्थित तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र पहुंचकर संग्राहकों से मुलाकात कर खरीदी के बारे में जानकारी लिया और प्रबंधक व फड़ मुंशी को पेयजल की व्यवस्था खरीदी केंद्र में करने हेतु आग्रह किया । विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि आदिवासी समाज के आजीविका के प्रमुख साधन तेंदूपत्ता,जिसे सब हरा सोना मानते थे, उस हरा सोना को काला सोना बनाने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया था । कांग्रेस की सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ अन्याय किया है, लाभांश की करोड़ों की राशि का दुरूपयोग कर तेंदूपत्ता संग्राहकों के आर्थिक अधिकार पर डाका डाला था । विधायक अटामी ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार थी तब हम 2500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदते थे, परन्तु इसके साथ ही साथ तेंदूपत्ता की क्वालिटी के आधार पर बिक्री होने के बाद 2000 रुपये से लेकर 13000 रुपये तक का प्रति मानक बोरा लाभांश भाजपा सरकार संग्राहक परिवारों को प्रदान करती थी। इसके अलावा संग्राहक परिवार की बहनों को साड़ी, चरणपादुका, पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति, 10 वीं और 12 वीं में अधिक अंक लाने वाले मेघावी छात्रों को पन्द्रह हजार व पच्चीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करते थे। लेकिन उसके बाद कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में आने के बाद केवल 4000 रुपये प्रति मानक बोरा दर से तेंदूपत्ता खरीदी की जा रही थी परन्तु भाजपा सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों व उनके परिवार को प्रदान किये जाने वाले लाभांश व अन्य सुविधाओं को कांग्रेस सरकार बंद कर दी थी । यह सीधे सीधे तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रहे लाभ की कटौती है। विधायक अटामी ने कहा कि भाजपा सरकार के समय तेंदूपत्ता की खरीदी 7 से 10 दिन तक की जाती थी, वही कांग्रेस सरकार ने सिर्फ एक या दो दिन ही खरीदी किया गया । जिसके कारण जहाँ भाजपा की सरकार में साढ़े 17 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी होती थी, वह कांग्रेस सरकार में घटकर 13 लाख मानक बोरा हो गया था । इससे करोड़ों रुपये का नुकसान संग्राहक परिवारों को हो रहा था । विधायक अटामी ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण में लाभांश की राशि का दुरूपयोग खुलेआम कांग्रेस की भूपेश सरकार ने किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन में लाभांश के करोड़ों रुपये का दुरूपयोग करके हर्बल प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कराया है। जबकि पाटन में तेंदूपत्ता का एक भी पत्ता न खरीदा जाता है, न ही बेचा जाता है। बस्तर व सरगुजा में इस राशि का उपयोग किया जाना था अब भाजपा सरकार बनते ही प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से तेंदूपत्ता ख़रीदा जा रहा है । इस दौरान जिला महामंत्री संतोष गुप्ता,पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दुष्कर्म के फरार आरोपी राकेश कुमार केआर को भेजा गया जेल



**किरंदुल, 1 मई।** गौरव राय (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा, आर. के. बर्मन (रा.पु.से) अति. पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा के निर्देशन में एवं कपिल चंद्रा (रा.पु.से) पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल के मार्ग दर्शन में थाना- किरन्दुल के अपराध क्रमांक 18/2024 धारा- 376(2)(ढ) भादवि. 3(2)(1) स्ज्ञ/स्ष्ट ष्ट्ज्ञ के घटना दिनांक से फरार आरोपी- राकेश के.आर. पिता के. पी. राजन उम्र 38 वर्ष साकिन- ह्ष्ट 47 टाइप - टू एन एम डी सी कॉलोनी किरन्दुल थाना जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा को पता तलाश कर उसके सकुनत दिनांक 29.04.2024 सोमवार को 12.35 बजे गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसका माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर जिला जेल दन्तेवाड़ा दाखिल कराया गया है। कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू (थाना प्रभारी किरन्दुल), उप निरीक्षक दीनानाथ वैष्णव, प्र.आर. हरीराम सिन्हा, प्र. आर. नरेश मंडल, आरक्षक भोजराम ध्रुव की विशेष भूमिका रही।

### जेईई एडवांस परीक्षा के लिए शासकीय विद्यालयों के 31 छात्र क्वालीफाइड




**कांकेर,1 मई।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) द्वितीय सत्र में जिले के 31 छात्र-छात्राओं ने जेईई एडवांस परीक्षा हेतु क्वालीफाई किया है। गत सत्र में जेईई के पर्सेंटाईल कम होने पर इन छात्रों की संख्या 75 के करीब थी, किन्तु इस सत्र में जनरल 93.23 पर्सेंटाईल, ओबीसी 79.676 पर्सेंटाईल, एससी 60.092 एवं एसटी हेतु 46.698 पर्सेंटाईल रहा है। इन 31 विद्यार्थी में से एक ओबीसी तथा 30 एसटी संवर्ग से हैं, जिनमें से 14 बालिका एवं 17 बालक हैं। इनमें 03 प्रयास से, 03 एकलव्य से और शेष 25 विद्यार्थी शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। जिले के विद्यार्थियों द्वारा जेईई द्वितीय सेशन में शानदार प्रदर्शन पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने इन बच्चों एवं उनके शिक्षकों व पालकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिला षिक्षा अधिकारी श्री अषोक पटेल ने बताया कि इसमें से अधिकतर छात्र गरीब, मजदूर एवं किसान परिवार से हैं। इनमें कोड़ेकुर्से की आदिवासी छात्रा कंचन दुग्गा 80.550 अंक, अमित कुमार ने 70.41 एवं कु. रिया ने 61.25 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। इसी तरह शा उमावि देवगांव से परमेष्वर मरकाम 67.315 अंक, शास उमावि पुरी से कु. लिलेष्वरी मंडावी 66.30 पर्सेंटाईल, कुरालठेमली से युगल किषोर 64.247, बागोडार से कु. विधि कुमेटी 62.80, भानुप्रतापपुर से कु. मुस्कान बघेल को 62.58 पर्सेंटाईल प्राप्त हुआ है। दुर्गूकोंदल विकासखंड के कोण्डे से दो छात्रों क्रमशः कु. यमुना कुमेटी और कु. पुष्पांजली कांगे तथा आमाकड़ा से रोहितकुमार और पुष्पिता ने भी क्वालीफाई किया है। चयनित विद्यार्थियों को सीईओ जिला पंचायत श्री सुमीत अग्रवाल और जिला षिक्षा अधिकारी ने भी उक्त परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अभी से जेईई एडवांस की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया है।

### शासकीय आवास के लिए शासकीय सेवक अब कर सकते हैं ऑन लाइन आवेदन

**जगदलपुर, 1 मई।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने शासकीय आवास हेतु शासकीय सेवकों से आवेदन ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए बस्तर आवास पोर्टल साइड का शुभारंभ मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में आयोजित समय सीमा की बैठक में किया। बस्तर आवास.इन साइड में आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी भरकर जमा कर सकते है। कलेक्टर श्री विजय ने बताया कि शासकीय सेवकों से आवेदन को ऑनलाइन लेने से ऑफ लाइन आवेदन के संधारण की दिक्कत में कमी के साथ-साथ आवास आबंटन के कार्य में पारदर्शिता आएगी, साथ ही आवेदकों के पात्रता अनुसार मकान आबंटित करने में सहूलियत मिलेगी। इसके अतिरिक्त पुराने लंबित आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ-साथ अपात्रों को आवास आबंटन से हटाने की भी कार्यवाही की जानी है इसलिए आवास हेतु सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को ऑनलाइन आवेदन देने के निर्देश दिये गए। पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया कलेक्टोरेट परिसर के जीर्णोद्धार का लोकार्पण



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कलेक्टोरेट परिसर के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने आस्था सभाकक्ष, स्वान कक्ष और परिसर में नवनिर्मित आनंद वन के फाउंटेन का लोकार्पण किया। इस अवसर कलेक्टर ने सभी को बधाई दी और मिठाई खिलवाई। कलेक्टर ने एक फाउंटेन का लोकार्पण जिला कार्यालय के कर्मचारी से बटन दबाकर करवाया। लोकार्पण के अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त 9 शासकीय सेवकों को प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र

**धमतरी ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 9 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ रहने की कामना की।

सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में जल संसाधन विभाग के दफ्तरी श्री मानक सिंह ठाकुर, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव श्री भूप नारायण सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबा श्री हीरा लाल कंवर, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला मगरलोड श्री सियाराम साहू, प्राथमिक शाला नगरी श्रीमती जयश्री अहिरकार, श्री प्रताप सिंह अग्रवानी, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला कुरूद श्री गिरवर प्रसाद साहू, श्री देवल सिंह कंवर और लोक निर्माण विभाग के सहायक वर्ग-02 श्री भूनेश्वर सिंह धुर्वे शामिल हैं।

## कोड़ेनार में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण बना हुआ है हादसे का अंदेशा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 1 मई।** दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत कोड़ेनेर के रिंग रोड नंबर चार से लगे बंसीलाल बोरकर के घर के ऊपर से विद्युत विभाग की मैन लाइन तार है बंसीलाल बोरकर के घर से लगा हुआ एक बड़ा सा बरगद का पेड़ है जो नवंबर दिसंबर में तेज हवा और बारिश से टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया था उसके थोड़ा आगे नारियल का पेड़ था वह भी टूट कर में लाइन तार के ऊपर गिरा उसके बाद सब स्टेशन किरंदुल के द्वारा आनंद फलन में टुकड़े-टुकड़े तार को जोड़कर ठीक किया गया लेकिन तार को गिरे हुए बरगद वृक्ष से बांध दिया गया है और उसे 10 मीटर के आगे पर बंसीलाल बोरकर का घर की छत में कॉलम की राड निकली हुई है जिस पर इस तर को बांधकर रखा गया है जिसे कभी भी हल्की-फुल्की बारिश आने से बंसीलाल बोरकर के घर में पूरी तरह से करंट फैलता है जो बड़े हादसे का कारण हो सकता है बंसीलाल बोरकर के द्वारा कई बार विद्युत विभाग में जाकर शिकायत की गई लेकिन अब तक किसी ने इसे जाकर देखने की जरूरत भी नहीं समझी अब देखना यह होगा कि इस घर वालों को कब इस विद्युत विभाग की कुंभकरण नींद से जागते हैं और इन्हें इस समस्या से छुटकारा कब मिलेगी

### परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने जिला पंचायत सीईओ ने ली बैठक

**धमतरी ।** स्कूली बच्चों में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव एवं डिप्रेशन को दूर करने के संबंध में आज जिला पंचायत सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं। विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पायी जाती है या इस संदर्भ में कोई सूचना मिलती है, तो स्वास्थ्य विभाग के ''टोल फ्री नंबर 104 आरोग्य सेवा निःशुल्क परामर्श पर सूचित किया जा सकता है। राज्य शासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिले में बच्चों एवं पालकों को जागरूक करने मुहिम चलाने के निर्देश दिये है।सीईओ जिला पंचायत सुश्री श्रीवास्तव ने अभिभावकों और बच्चों की सहायता के लिए जिले में भी टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिये है, सूचना प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के हित में तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बच्चे अपेक्षानुसार परिणाम नहीं ला पाते, इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है ।

## 16 माओवादियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष किया समर्पण



**बीजापुर, 1 मई।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, स्ज्ञस्न एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 222वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर निम्नलिखित माओवादियों ने आज दिनांक 30/04/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222वी बटालियन केरिपु श्री विनोद मोहरिल, कमांडेंट कोबरा 202 श्री अमित कुमार, कमांडेंट कोबरा 210 श्री अशोक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । 1. पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 का सदस्य अरूण कड़ती पिता सीतैया उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी पोलमपल्ली स्कूलपारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, ईनाम राशि - 8.00 लाख 2. माटवाड़ा एलओएस कमाण्डर, एसीएम रमेश ऊर्फ मुन्ना हेमला उम्र 42 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलादी स्कूलपारा थाना जांगला जिला बीजापुर, कुल 42 वांरट लंबित, ईनाम राशि - 5.00 लाख 3.डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम कमाण्डर, सुदरू पूनेम पिता सन्नू पूनेम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी डुमरीपालनार पदमपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर , ईनाम राशि 1.00 लाख 4.डुमरीपालनार आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष, पायकी कारम पिता स्व0 लक्खू कारम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया साकिन डुमरीपालनार थाना मिरतुर जिला बीजापुर, ईनाम राशि 1.00 लाख 5. मद्देड एरिया कमेटी अन्तर्गत एलजीएस सदस्य प्रमोद ताती ऊर्फ छोटू पिता स्व0 बुधु ताती उम्र 25 वर्ष निवासी पालनार तुंगलवाया थाना गंगालूर जिला बीजापुर , ईनाम राशि 1.00 लाख 6.पालनार आरपीसी मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर पाकलू हेमला ऊर्फ परवेश पिता सन्नू उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार तुंगलवायापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर 7.पालनार आरपीसी जन मिलिशिया सदस्य लक्ष्मण उरसा ऊर्फ मंगू उरसा उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार पटेलपारा थाना गंगालूर 8.पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य आयतू पूनेम ऊर्फ वरगेश पिता टोकड़ा पूनेम उम्र 39 वर्ष निवासी पालनार मंजारीपारा थाना गंगालूर 9. पालनार आरपीसी अंतर्गत डॉक्टर टीम का सदस्य बुधराम पोटाम पिता सन्नू पोटाम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार पटेलपारा थाना गंगालूर 10. पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य बुधु ताती ऊर्फ गढडा पिता कोंदा ताती उम्र 50 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर 11. पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य लक्खू ताती पिता पाण्डू ताती उम्र 48 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार गुण्डापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर12. जनताना सरकार सदस्य/ विद्या संस्कृति शाखा अध्यक्ष पोदिया कारम पिता स्व0 सुकलू कारम उम्र 42 वर्ष जाति मुरिया निवासी डुमरीपालनार थाना मिरतुर जिला बीजापुर13. मददेड़ एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्य रमेश पुनेम पिता आयतु पूनेम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी डुमरीपालनार थाना मिरतुर जिला बीजापुर 14. पालनार आरपीसी अध्यक्ष, सुखराम हेमला ऊर्फ रामलू पिता मंगू हेमला उम्र 38 वर्ष निवासी पालनार तुंगलवायापारा थाना गंगालूर जिला बीजाापुर15. पालनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, सुक्कू लेकाम ऊर्फ मांझी पिता छन्नू लेकाम उम्र 49 वर्ष निवासी पटेलपारा पालनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर 16. जनताना सरकार सदस्य /सांस्कृति शाखा अध्यक्ष सुक्कू ताती पिता पाण्डू ताती उम्र 35 वर्ष निवासी पालनार तुंगलवाया पारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर 1. अरूण कड़ती , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2023 में बटालियन के प्लाटून कमाण्डर के नेतृत्व में संगठन में जुड़कर ग्रामीणों को मीटिंग के लिए एकत्रित करना, ग्रामीण नव युवक युवतियों को संगठन में शामिल होने के लिये प्रेरित करने का कार्य किया । संगठन में धारित पद पर 8.00 लाख का ईनाम घोषित है । महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल 30 जनवरी 2024 को सुकमा टेकलगुड़म कैम्प पर हमला की घटना में शामिल था । 2. रमेश हेमला , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 1996 में संगठन में सीएनएम सदस्य के पद पर भर्ती हुआ । वर्ष 2003 में पीएलजीए सदस्य का कार्य दिया गया । वर्ष 2007 में एलजीएस कमाण्डर की जवाबदारी दी गई । वर्ष 2009 में भैरमगढ एरिया कमेटी में पडियोर कमेटी की जिम्मेदारी दी गई । वर्ष 2010 में भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत माटवाड़ा एलओएस कमाण्डर का कार्य दिया गया । रमेश हेमला के विरूद्ध जिला के विभिन्न थानों में कुल 42 स्थाई वारंट लंबित है । । संगठन में धारित पद एलओएस कमाण्डर के पद पर 5.00 लाख का ईनाम घोषित है ।

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अच्छा काम कर लाएं बेहतर परिणाम:कलेक्टर



**जगदलपुर, 1 मई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने कहा है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता के लिए अच्छा कार्य कर बेहतर परिणाम लाएं। इस दिशा में सभी बीएमओ और सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी अपने मूल काम को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें,फील्ड में आम जनता को अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री विजय ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर जोर देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सहित निर्धारित स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयों की सुलभता और लक्षित माताओं एवं बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, गर्म भोजन प्रदाय एवं स्वास्थ्य परामर्श का परिणाम सुरक्षित प्रसव में परिलक्षित हो। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन के अनुरूप सभी को संस्थागत प्रसव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य करने निर्देशित किया कि पर्याप्त चिकित्सक, अमला और सुविधाओं की समुचित व्यवस्था है इसे दृष्टिगत रखते हुए शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव हेतु महारानी जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को पृथक-पृथक लक्ष्य देने के निर्देश दिए।एनआरसी में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी पर बल- कलेक्टर ने जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक 15 दिवस के लिए रोस्टर तैयार कर चिन्हित बच्चों को भर्ती कर उपचार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता के मद्देनजर मानव संसाधन की व्यवस्था कर बस्तर एवं बास्तानार पोषण पुनर्वास केन्द्र में चार-चार बेड वृद्धि किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान का तीसरा चरण शुरू कर चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन करवाने कहा। वहीं मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत दरभा, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक और जगदलपुर विकासखण्ड के नानगुर ईलाके में सघन मलेरिया जांच एवं उपचार चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड प्रदान करने लिए एनालिसिस कर अभियान संचालित कर पंजीयन पूर्ण किए जाने कहा। बैठक में राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम,परिवार कल्याण कार्यक्रम इत्यादि की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ.संजय प्रसाद सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीएमओ तथा बीपीएम मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों के जाति प्रमाणपत्र 31 मई तक जारी करवाने के निर्देश

**जगदलपुर, 1 मई।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि सभी विभाग शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करेंगे। साथ ही अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में भी समीक्षा की जाएगी इस हेतु आवश्यक तैयारी व कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा विभाग के अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों के पेंशन तथा सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर करवाने की कार्यवाही करेंगे। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए।कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, समय-सीमा के प्रकरण और विभागीय कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की।विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों व शासन से मिले निर्देश पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के क्षेत्र में स्थित उचित मूल्य की दुकानों में राशन भंडारण की जांच करवाने के निर्देश दिए, जांच में खाद्य विभाग और संबद्ध विभागों के अधिकारी आवश्यक सहयोग करने भी कहा। बैठक में महिला एवं बाल विकास के महतारी वंदन योजना आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वर्ष 2023-24 में आंगनबाड़ी में प्रवेश लेने वाले बच्चों के जाति प्रमाण जारी करने का लक्ष्य की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग को स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य से लंबित प्रकरणों का 31 मई तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा संचालन हेतु जनपद स्तर पर समीक्षा कर लिया जाए। साथ ही शालाओं में निर्माण की जा रही किचन सह भण्डार कक्ष में पर्याप्त हवा युक्त होना चाहिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी से पीएम किसान सम्मान निधि में ई-केवाईसी तथा आधार सीडिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए खरीफ वर्ष से पहले आधार सिंडिग के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। खरीफ फसल के लिए पंजीकृत किसानों का गिरदावरी के दरमियान जमीन का परीक्षण करवाने भी कहा। वनाधिकार पट्टा किसान भी केसीसी के का परीक्षण जून माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवास योजना ग्रामीण का जनपद पंचायतवार प्रगति की समीक्षा करते हुए मकान बनाने में प्रगति को तेजी देने के साथ ग्राम पंचायत प्रस्ताव के आधार पर मकान नहीं बनाने वाले पर वसूली कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी भवन में देरी के लिए नाराजगी जाहिर करते हुए अपूर्ण निर्माण कार्य को जल्द समाप्त करें और निर्माण नहीं करने योग्य वाली स्थलों की राशि वापस करने के निर्देश दिए।बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत की प्रगति, पीएम आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यो, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजना की प्रगति, जल जवीन मिशन फेस-2 में सोलर लाईट की व्यवस्था, बीआईजी अन्तर्गत अप्रारंभ कार्य को निरस्त करने,बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के अपूर्ण कार्यो की समीक्षा, सांसद विधायक निधि मद के अपूर्ण कार्य, जिला खनिज न्यास संस्थान अपूर्ण कार्यो विभागवार-जनपदवार समीक्षा किया गया। साथ ही आकांक्षी ब्लॉक के मापदंडों की प्रगति, नक्शा अद्यतन की स्थिति और एफआरए ऑनलाइन की समीक्षा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अचार-पापड़ निर्माण और इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**धमतरी ।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा आचार, पापड़ एवं मसाला पाउडर निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए आगामी 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसी तरह इलेक्ट्रिक मोटर रिवाईडिंग और मरम्मत प्रशिक्षण के लिए 10 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। उक्त प्रशिक्षणों के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक ग्रामीण बेरोजगार आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षणों के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि आवेदन के साथ 4 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड लगाना अनिवार्य है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अथवा फोन नंबर 73899-43193 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।गौरतलब है कि आचार, पापड़ एवं मसाला पाउडर निर्माण प्रशिक्षण में नींबू, आंवला, जिमीकंद, मिक्सड आचार सहित मूंगदाल, उड़ददाल, चावल आटा का पापड़, आलू चिप्स तथा गरम मसाला, सांभर मसाला, मिर्च और हल्दी की जानकारी दी जायेगी। इसी तरह इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत सेवा प्रशिक्षण के दौरान बिजली के उपकरणों, बिजली की बुनियादी बातें, बिजली की मरम्मत, मोटर्स में आरपीएस, वाल्टमीटर और एम्मिटर कनेक्शन इत्यादि के संबंध में बताया जायेगा।

### सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव का सदुपयोग समाज के लिए करें: कलेक्टर

**जगदलपुर, 1 मई।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवकों ने नौकरी के दौरान खुद के लिए, परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे, वे सेवानिवृत्त होकर स्वंय एवं परिवार और समाज के लिये समय दें। शासन-प्रशासन ने जिले के सभी विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का ज्यादा से ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण का प्रयास कोषालय और कोष लेखा पेंशन कार्यालय ने किया। लगातार ग्यारह माह में प्रशासन ने 400 से अधिक पेंशन प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने का कार्य किया गया।इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माह अप्रैल में सेवानिवृत्त हुए 21 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए।

एक नजर

### 'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत प्रवासी श्रमिकों को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित



**रायगढ़, 1 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा सीईओ एवं नोडल आधिकारी स्वीप श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में 'घर आजा संगी' कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत जिले के चारों विधानसभा में निवासरत ऐसे श्रमिक जो कार्य करने हेतु अन्य राज्यों में गए हैं, उन्हें फोन कॉल के माध्यम से संपर्क कर 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने बहुमूल्य मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत लैलूंगा में लगातार ऐसे श्रमिकों की जानकारी प्राप्त कर बीएलओ उनके रिश्तेदारों से संपर्क कर उन्हें कॉल कर आगामी 7 मई को होने वाले मतदान में अपने मत का उपयोग के लिए प्रेरित कर रहे हैं, ताकि शत-प्रतिशत मतदान के साथ कोई भी अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इसी कड़ी में गुजरात में कार्य करने वाले लैलूंगा के ग्राम पंचायत टूरटूरा निवासी श्री सुरक्षित पैकरा जो पिछले विधानसभा में अपने मताधिकार का उपयोग से वंचित रह गए थे, उन्हे 'घर आजा संगी' कार्यक्रम के तहत संपर्क कर मतदान के लिए फोन कर प्रेरित किया गया, जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। वे बीते दिनों अपने घर पहुंचे। उनके आने पर टीम द्वारा उनका सम्मान किया गया। श्री पैकरा ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपना मतदान अवश्य करेंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत टूरटूरा के ही गुजरात में कार्यरत श्री जगन्नाथ पैकरा को उनकी पत्नी श्रीमती बसंती पैकरा के माध्यम से संपर्क करने पर श्री पैकरा ने कहा कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बनने और वोट करने जरूर आने की बात कही। सीईओ जनपद पंचायत लैलूंगा श्री प्रेम सिंह मरकाम ने बताया कि टीम के माध्यम से ऐसे प्रवासी श्रमिकों को ट्रेस कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर अपने मताधिकार के उपयोग हेतु आमंत्रित किया जा रहा हैं। जिसमें बीएलओ श्री सुरेंद्र पैकरा, एडीओ बिहान श्री जे.के.तिर्की, रोजगार सहायक मोहनी पैकरा लगातार कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि घर आजा संगी मतदान करे बर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से काम करने दूसरे राज्यों में गए श्रमिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने और चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं।

### सीएमएचओ ने मितानिनों सहित इलाज कराने आए मरीजों को दिलाई शत-प्रतिशत मतदान की शपथ



**रायगढ़, 1 मई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी.के.चंद्रवंशी द्वारा आज शहरी प्राथमिक केन्द्र जेलपारा में लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता जागरूकता के तहत उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, मितानिनों सहित ईलाज हेतु आये हुए मरीजों को शपथ दिलाई गई। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकाकरण, ए.एन.सी. जांच, प्रसव, सिकल सेल जांच, लू से बचने के उपाय बताये गये। ड्यूटी रोस्टर 24×7 के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिये गये। लू से बचाव हेतु बार-बार पानी का उपयोग करें और शरीर को ढककर रखने तथा अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाने के निर्देश दिये गये। छूटे हुए आयुष्मान कार्डों को बनाने के निर्देश दिये। अस्पताल में मरीजों के साथ चिकित्सकों तथा अन्य स्टॉफ को शालीनता पूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देश दिये गये।

### मतदान की अमिट स्याही दिखाओं, मन पसंद खाना खाओ

**दुर्ग ।** जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तृतीय चरण में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न होना है। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अधिक से अधिक नागरिकों को विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए मतदान के महत्व एवं उपयोगिता बताते हुए उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन की इस पहल में कई स्वास्थ्य संस्थानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा भी सहयोग करने हुए मतदाताओं को छूट की पेशकश दी गई है। इसी कड़ी में होटल अमित पार्क इंटरनेशनल और होटल अमित इंटरनेशनल ने मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनी सहभागिता दी है।

# सिक्खों के पांचवे गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर लगा अटूट लंगर



**पत्थलगांव, 1 मई।** गुरूद्वारा साहेब मे सिक्खो के पांचवे गुरू अर्जन देव का पर्व पर आज अटूट लंगर का आयोजन किया गया। सुबह गुरूद्वारा साहेब मे शबद कीर्तन की धार्मिक गुंज सुनायी दे रही थी,अरदास के पश्चात गुरू के लंगर की शुरूवात हुयी,जिसे चखने ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के अलावा सिक्ख समाज एवं अन्य समुदाय के लोग भी बडी संख्या मे मौजुद थे। सिक्ख युवाओ द्वारा बढचढ कर लंगर चखने आये श्रद्धालुओ की सेवा की जा रही थी,प्रसाद रूपी लंगर लेने के लिए लोग कतार लगाकर खडे दिख रहे थे,गुरूसिंग सभा के युवा कार्यक्रर्ता गुरूशरण सिंह भाटिया एवं सभा के सचिव परमजीत सिंह भाटिया ने बताया कि गुरू अर्जन देव ने हमेंशा मानवीय आर्दशो को कायम रखने के लिए अपना बलिदान दिया था,वे एक महान आत्मा के साथ-साथ महान शिरोमणी संत भी थे,सिक्खो के पांचवे गुरू अर्जन देव का जन्म पिता रामदास एवं माता भानीजी के घर हुआ था,वे शुरू से ही निर्मल प्रवृत्ति,सह्रदयता तथा धार्मिक मूल्यो के लिए समर्पित रहते थे। 1581 मे उन्हे पांचवे गुरू के रूप मे गुरू की गददी पर सुशोभित किया गया था,इस दौरान उन्होने गुरू ग्रंथ साहेब का संपादन किया,जो मानव जाति के लिए सबसे बडी देन है। गुरू सिंग सभा के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह भाटिया व युवा कार्यक्रर्ता गोल्डी भाटिया ने बताया कि गुरू अर्जन सिंह देव हमेंशा धर्म की रक्षा के लिए लडते रहे। वे पूर्वर्ती गुरूओ की वाणी को जगह-जगह से एकत्र कर उसे धार्मिक ग्रंथ मे बांट दिया करते थे,उन्होने अपने स्वयं के द्वारा बनाये गये 30 रागो को गुरूग्रंथ साहेब मे दर्ज किया। गुरूद्वारा साहेब मे पर्व को संपन्न करने मे उपाध्यक्ष मनजीत सिंह भाटिया,सिंदर सिंह भाटिया,कुलविंदर सिंह भाटिया,बबलू भाटिया,सन्नी भाटिया,रूबल भाटिया,रंजीत सहगल,सरगुन भाटिया,हरगुन भाटिया,डॉलर भाटिया के अलावा समस्त सिक्ख समाज ने सराहनीय योगदान दिया।।

तेरा कीआ मिठा लागे हरि नाम पदारथ नानक मांगे-ःगुरू अर्जन देव के पर्व पर आज गुरूद्वारा साहेब मे सुबह से ही अनेक धार्मिक आयोजन संपन्न कराये जा रहे थे। गुरूशरण सिंह भाटिया ने बताया कि गुरू अर्जन सिंह देव ने तेरा कीआ मिठा लागे हरि नाम पदारथ नानक मांगे शबद कहते हुये सन् 1606 मे अमर शहीदी प्राप्त की। उन्होने अपने जीवन काल मे धर्म के नाम पर आडंबर और अंधविश्वास पर कडा प्रहार किया,जिसके कारण आध्यात्मिक जगत मे गुरू अर्जन देव को सबसे उंचा स्थान मिला।।

## जिले के सभी स्कूलों में हुआ विशेष पालक-शिक्षक सम्मेलन



रायगढ़, 1 मई। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसको ध्यान में रखते हुये छतीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आज रायगढ़ जिले के सभी शालाओं में विशेष शिक्षक-पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों को आमंत्रित किया गया। विशेष कर कक्षा 10 वीं और 12 वीं के अध्ययनरत बच्चों के पालकों को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। विशेष पीटीएम सम्मेलन में परीक्षा परिणाम आने के पूर्व या आने के बाद बच्चों में कुछ विशेष परिवर्तन आता है, इसकी जानकारी पालकों को दी गई, साथ ही बच्चों के साथ इन परीक्षा परिणाम के दिनों में किस तरह का व्यवहार किया जाय इसके बारे में पालकों को विस्तार से बताया गया। बच्चों को अनावश्यक दबाव न बनाना, साथियों के साथ तुलना न करना, कम अंक लाने पर उलाहना न देना, अनुतीर्ण होने पर बुरा भला न कहना जैसे सलाह पालकों को दिया गया।

ज्ञात हो इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने पालकों के लिए इस स्थिति से निपटने एवं सलाह देने के लिये टोल फ्री नम्बर 1800 23 34363 जारी किया है, जो दिनांक 01 मई से 15 मई 2024 तक क्रियाशील रहेगा। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बर 14416 पर 24×7 सम्पर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त करने के लिये पालकों को बताया गया। पालकों को सलाह दी गई कि बच्चों में कोई भी अनियमित व्यवहार हो तो बच्चे के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुये, किसी मनोचिकित्सक से सलाह लेने या टोल फ्री नम्बर 1800 23 34363 से सलाह लेने हेतु कहा गया।आज 30 अप्रैल सत्र 2023-24 का अंतिम दिवस था, इसलिये बच्चों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम भी वितरित किया गया एवं ग्रीष्मावकाश के दौरान घर में करने के लिये गृह कार्य दिये गये। पीटीएम समाप्ति उपरांत उपस्थित पालकों को संस्था प्रमुख द्वारा आगामी 07 मई 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मतदान केंद्र पर अपने परिवार के साथ जाकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

### डाक मतपत्र से मतदान करने रायपुर जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

**दुर्ग ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में पदस्थापित अधिकारी-कर्मचारी जो रायपुर जिले के मतदाता है तथा जिन्होंने डाक मतपत्र से मतदान हेतु प्रारूप-12 में आवेदन प्रस्तुत किया हो, वे रायपुर जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।रायपुर जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र/पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किया गया है। मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदकों, अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा, वाहन चालक एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं हेतु रायपुर में मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 47-धरसींवा, 48-रायपुर नगर ग्रामीण, 49-रायपुर नगर पश्चिम, 50-रायपुर नगर उत्तर, 51-रायपुर नगर दक्षिण, 52-आरंग, 53-अभनपुर,45-बलौदाबाजार (आंशिक) हेतु टाउन हॉल कलेक्ट्रेट परिसर रायपुर को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

## अच्छे से लें मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण, होगा निर्वाचन कार्य आसान:कलेक्टर



**रायगढ़, 1 मई।** सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी प्रक्रिया का अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं पर्याप्त हैण्डऑन प्रेक्टिस करें जिससे निर्वाचन कार्य आसान होगा।

उल्लेखनीय है कि नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रायगढ़ विधानसभा के क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, नायब तहसीलदार श्री गिरीश निम्बालकर, बीईओ श्री शैलेश देवांगन उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री गोयल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा की दल के सभी सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया की भलीभांति जानकारी होना चाहिए, ताकि गलती की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि मॉकपोल के पश्चात सीआरसी करना तथा निर्वाचन समाप्त होने के पश्चात क्लोज करना ना भूले, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर समय का विशेष ध्यान रखा जाए, सभी दल सुनिश्चित करें कि वास्तविक मतदान 7 बजे से प्रारंभ हो जाए। उन्होंने मशीनों की सुरक्षा के संबंध में कहा की ईवीएम मशीनों में सबसे संवेदनशील वीवीपैट मशीन है, मतदान दिवस पर वीवीपैट को कमरे में रखने के पूर्व लाईट और सूर्य की रोशनी का बेहतर अवलोकन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा की ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान दलों को मेडिकल किट के साथ ही मतदान केंद्रों में कूलर, पेयजल एवं शेड की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से चैलेंज वोट, मशीनों के फिटिंग, रिप्लेस, सीलिंग, मॉक पोल, मतदान समय, टेस्ट वोट, सीआरसी जैसे मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सभी समय का ध्यान रखते हुए वोटिंग कार्य तेजी से करेंगे ताकि भीड़ की स्थिति से निपटते हुए नियत समय में शत-प्रतिशत मतदान किया जा सके। उन्होंने मतदान दलों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि लोक सभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के बाद सभी दल सुरक्षित मतदान केन्द्र तक पहुंचे।

**सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर पहुंचे सुविधा केन्द्र, ली जानकारी**

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह एवं कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज सृजन सभाकक्ष में बनाये गये सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सुविधा एवं सूचना के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने पंजी संधारण का अवलोकन किया एवं मतदाताओं के संबंध में जानकारी ली। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल ऑफिसर डाकमत पत्र श्री महेश शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल की स्थिति में 359 अधिकारी-कर्मचारी मतदान कर चुके है। साथ ही 800 से अधिक वोटरों को मतदान तिथि के संबंध में सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मतदान कार्य में संलग्न 5200 कर्मचारियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी)भी जारी किया गया है। जो मतदान दिवस 7 मई को मतदान केन्द्र पर ईवीएम, वीवीपैट द्वारा मतदान करेंगे। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी से मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**रायगढ़, 1 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत पुसौर में मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान सीईओ श्री यादव ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। सीईओ श्री यादव ने जनपद पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदाता होने पर गर्व महसूस करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मतदान के महत्व को समझाया सभी को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही। बैठक के दौरान सीईओ श्री यादव ने जिल के ऐसे श्रमिक जो कार्य करने हेतु अन्य राज्यों में गए हैं, उन्हें फोन कॉल के माध्यम से संपर्क कर 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपने बहुमूल्य मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करने की बात कही। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराएं दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं सीईओ श्री यादव ने मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके लिए मतदान केन्द्रवार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों की कार्ययोजना तैयार करें। दिव्यांगजन एवं वृद्धजन मतदाता के लिए मतदान दिवस पर आवागमन व्यवस्था के लिए उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पेयजल, धूप से बचने के लिए शेड, मेडिकल किट, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 7 मई मतदान के लिए जिले के प्रवासी मजदूरों को किया गया वीडियो कॉलिंग शत-प्रतिशत मतदान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में 'घर आजा संगी' कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में 2 हजार प्रवासी श्रमिकों को वीडियो कॉल के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

### कलेक्टर ने किया भैरमगढ़ में निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण



**बीजापुर, 1 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भैरमगढ़ ब्लॉक में इंद्रावती नदी पर निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि विगत 8 अप्रैल को कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे और उनकी उपस्थिति में गर्डर लांचिग का कार्य शुरू हुआ था। यह पुल जिले के विकास एवं अर्न्तजिला आवागमन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं कारगर साबित होगा बीजापुर से रायपुर की दूरी में भी कमी आएगी। इन्द्रावती नदी उस पार बसे 12 पंचायत के ग्रामीणों के साथ नारायणपुर के माड़ क्षेत्र ओरछा के लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। पुल के महत्व को देखते हुऐ कलेक्टर श्री पाण्डेय ने गंभीरतापूर्वक पुल निर्माण के कार्य में तेजी लाने लगातार निगरानी रखते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिसके परिणाम स्वरूप लगभग सभी पिलर में गर्डर लांचिग का कार्य पूर्ण हो सका।कलेक्टर आज पुल का निरीक्षण कर नदी उस पार के क्षेत्र का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पुल की कुल लंबाई 648 मीटर है। जिसमें पुल पर गर्डर लांचिंग का कार्य किया गया है। गर्डर लांचिंग के बाद अब ढलाई का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके नारायणपुर एवं बीजापुर के लोगों को आवागमन सुलभ हो सके।

### संकुल केंद्र पुजारीपरा के समस्त स्कूलों में परीक्षा परिणाम को उत्सव के रूप में मनाया गया



**बीजापुर, 1 मई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में संकुल केंद्र पुजारीपारा बीजापुर अ के समस्त स्कूलों में 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम को उत्सव के रूप में मनाया गया।जिसमे विभिन्न कक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालकों को भी मिष्ठान खिलाकर अंकसूची का वितरण किया गया ।,मुख्य कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल बीजापुर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर उपस्थित रहे,उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि छात्र/छात्राओं द्वारा साल भर की मेहनत के बाद परिणाम की घोषणा इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित कर होने चाहिए,जिससे छात्र छात्राओं में एक स्वस्थ प्रतियोगिता के भाव के साथ उनका मनोबल भी बढ़ता है,संकुल प्राचार्य पी आर शर्मा ने कहा कि जो बच्चे कम नंबर लाए है उन्हे निराश होने की आवश्यकता नहीं है उन्हे इसी वर्ष एक अवसर और दिया जाएगा,जिससे उनका साल खराब नही होगा, सीएसी राजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल की अन्य शालाओं जैसे जनपद प्राथमिक शाला, जनपद माध्यमिक शाला ,कन्या प्राथमिक शाला ,सीबीएसई स्कूल बीजापुर,प्राथमिक शाला कोकड़ापारा में भी परीक्षा परिणाम उत्सव का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया।और पालकों की उपस्थिति में बच्चो को प्रगातिपत्रक वितरण किया गया।

### फरसपाल चौक बना अवैध शराब का अड्डा

**शुष्क दिवस पर भी बेची जाती है शराब**

**दंतेवाड़ा 1 मई।** नगर का फरस्पाल चौक कहें या तिराहा यहां पर खुलेआम दुकानों की आड़ में वर्षो से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बीयर बेची जा रही है और इसकी पूरी खबर पुलिस व आबकारी विभाग को भी है बावजूद कोई करवाई नहीं की जाती है इसका सीधा साफ मतलब है की कमाई से होने वाली फायदे का एक हिस्सा शराब तस्कर जवाबदेहों के खिसे में डालते है। या यूं कहें कि जिम्मेदार विभागों की मौन सहमति शराब बेचने वालों को मिली हुई है तो भी गलत नहीं होगा। अवैध शराब बेचने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं को उन्हें इस बात का जरा भी डर व खौफ नहीं की पकड़े जाने पर उन्हें जेल तक की हवा खानी पड़ सकती है । देर रात तक दुकान खोलकर शराब की बिक्री करते आम देखा जा सकता है। शिकायत पर पुलिस छोटी मोटी करवाई कर मामले का इतिश्री कर लेती है और फिर से शराब बेचने का धंधा शुरू हो जाता है। शुष्क दिवस पर प्रशासन की ओर से मदिरा दुकानों को बंद करवाया जाता है मगर अवैध शराब बेचने वालों को इसका भी खौफ नहीं होता शुष्क दिवस पर भी जमकर शराब बेचते हैं। मदिरा प्रेमियों ने खुद ही शिकायत कर बताया कि 500 रुपए का पौआ शुष्क दिवस पर 1000 से 1200 रुपए तक में बेचते हैं। बीते 19 अप्रैल को लोकसभा मतदान दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया था मगर इस दिवस पर भी फरसपाल स्थित दो से तीन दुकानों पर बेधड़क शराब बेची गई इसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई थी मगर पुलिस ने कोई करवाई नहीं की। चौक के आसपास के रहवासी अवैध शराब बिक्री से काफी परेशान हैं उनका कहना है की इससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है बच्चे शराब की खरीदी बिक्री होते देखते हैं इससे उन पर बुरा असर होता है। इसे जल्द बंद होना चाहिए। अवैध शराब बिक्री करने वालों पर पर ईमानदारी के साथ पुलिस वा प्रशासन को कड़ी करवाई करनी चाहिए। लोगों की भी यही मांग है अन्यथा आंदोलन के लिए जनता को सड़क पर उतरना पड़ेगा।

### शातिर बदमाश मोहित जिलाबदर

**दुर्ग ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आदतन शातिर बदमाश मोहित सिन्हा के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चौन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार मोहित सिन्हा आत्मज राजेश सिन्हा उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 02 राजीवनगर दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है।

साथ ही बदमाश मोहित को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश निषिद्ध होगा। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के विरूद्ध थाना दुर्ग में मार-पीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देना एवं सट्टा के संबंध में कई अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है, फिर भी उसके अपराध में कोई कमी नहीं आई है। आरोपी को न्यायालय द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने पर भी उसके द्वारा कोई जवाब पेश नहीं किया गया है। आरोपी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर उसका पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त किया गया है। प्रतिवेदन की विवेचना पश्चात् जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु एकपक्षीय कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की है।

# घर-घर जाके अलख जगाना है कमल छाप का बटन दबाना है: अरुण साव

## सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं फूल माला से उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 1 मई।** समीपस्थ ग्राम कामता में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं धरसींवा के पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार करने ग्राम कामता पहुंचे जहाँ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं फूल माला के साथ उपमुख्यमंत्री एवं देवजीभाई पटेल का आत्मीय स्वागत किया ।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को घर घर जाकर गरीब मां के बेटा को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों में अलख जगाना पड़ेगा कि जो व्यक्ति देश के किसान गरीब एवं आम जनमानस के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बेघर लोगों को घर बनाने के लिए राशि देकर मदद करना प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत सालाना किसानों को 6000 रूपये देना किसानों के धान को 3100 रूपये में लेना महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपये देना 500000 रूपये तक का मुफ्त इलाज करना जैसी योजनाएं संचालित कर लोगों को सीधे लाभ पहुंचा रहे हैं । प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार जब से बनी तब से लोगों का कार्य साय साय हो रहा है ऐसे जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित करने वाले नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सबको भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में कमल छाप में बटन दबाकर रिकॉर्ड मतों से जिताकर कांग्रेस प्रत्याशी का जमानत जप्त करा दे ताकि कांग्रेस के नेताओं को पता चल सके कि जो हमारे आराध्य भगवान श्री राम का अपमान करते हैं उनकी क्या दशा होती है ।

वहीं प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने जिस व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है उनकी कई खासियत है आज तक वह कोई भी चुनाव नहीं हारे हैं बृजमोहन अग्रवाल लगातार आठ बार से विधायक बनकर जनता की सेवा कर रहे हैं उन्होंने जितने भी चुनाव लड़े हैं हर चुनाव में उनके जीत का अंतर बढ़ता चला गया है । भाटापारा शाखा नहर के रुके कार्य को प्रारंभ करने का कार्य किसी ने किया है तो वह बृजमोहन अग्रवाल हैं ग्राम कामता केसदा औरेंठी बनसांकरा में अगर आज हाईस्कूल संचालित हो रहा है तो सिर्फ और सिर्फ बृजमोहन अग्रवाल की देन है । भाजपा जो कहती है उसे पूरा भी करती है । कांग्रेस के लोग फार्म भरवाकर 8000 रूपये देने की झूठी बात बोलकर लोगों के बीच भ्रम फैलाने का का कार्य कर रही है । आप लोग समझ गए होंगे कि भाजपा की सरकार ही जनता की सच्ची हितेषी है ।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अनिल पांडे ने किया एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री चंद्रमणि तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष केजू राम बघेल रामरतन शर्मा राकेश तिवारी महामंत्री छोटू यादव धीरज जैन रमेश सोनी सचिन जैन अभिजीत अवस्थी नीरज शर्मा हेम सिंह चौहान मुरली साहू रामनरेश साहू राजेश साहू ग्राम की सरपंच गंगोत्री राकेश परसराम साहू संतोष साहू बनसांकरा सरपंच अभिषेक साहू दयालु निषाद रोहित साहू चंपकेश्वर साहू राम जी साहू रामनारायण वर्मा भागवत वर्मा भागवत साहू रामखेलावन साहू इंद्रमण साहू बिसाहू साहू नीलकंठ यदु कौशल वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

## एक नजर

### मतदान दिवस पर श्रमिकों के लिए सवेतन अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार 1 मई।** कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओ एवं स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक एवं कर्मचारियों के लिए राज्य शासन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नियत मतदान दिवस को सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। जिले में लोकसभा निर्वाचन तृतीय चरण अन्तर्गत 7 मई 2024 को नियत है। ऐसे कारखाना जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2- 2 घंटे का अवकाश तथा जो कारखाना निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आये हैं उनमें काम करने वाले श्रमिको को बारी- बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### संदीप चौबे ने नये पीडब्ल्यूडी एसडीओ का पदभार ग्रहण किया

**भाटापारा 1 मई।** संदीप चौबे ने पी.डब्ल्यू. डी. के एसडीओ पद का पदभार ग्रहण किया ।



टी.सी.कौशिक के सेवानिवृत्ति के बाद चौबे ने एसडीओ का पद सम्हाला ।उनके पदभार ग्रहण के दौरान ईई टी.सी.वर्मा सहित विभाग के एस.कुमार,गोलू तिवारी ,के अलावा विभागीय लोग मौजूद रहे।इस दौरान एसडीओ कौशिक के विदाई समारोह के कार्यक्रम मे उन्हे सम्मान पूर्वक विदाई दी गई कौशिक के एसडीओ कार्यकाल के दौरान पीडब्ल्यूडी मे काफी कार्य कराये गये उनका कार्यकाल प्रशंसनीय और यादगार रहेगा ।

### भीषण गर्मी से बचाव के लिए एबीवीपी ने किए चप्पल वितरित तथा पक्षियों के लिए पानी रखने चला रहे अभियान



**छुरा 1 मई।** भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी जाने वाले छोटे बच्चो को बिना चप्पल पहने आंगनबाड़ी जाते तथा भीषण धूप में जहां सड़क पर 1 मिनट भी खड़ा होना मुश्किल है ऐसे में बिना चप्पल घर जाना उनकी मजबूरी बन चुका है इससे राहत दिलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गरियाबंद जिले के छुरा इकाई के अंतर्गत चलाए जाने वाले आयाम सेवार्थ विद्यार्थियो की टोली ने निःशुल्क चप्पल वितरित कर एक प्रभावशाली पहल की है । अभाविप के कार्यकर्ता भिषेक पांडेय ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए जहां देशभर में सकोरा अभियान चलाया जा रहा तथा पक्षियों के लिए पानी रखने का आग्रह किया जा रहा है वही सेवार्थ विद्यार्थियो के द्वारा समय समय पर समाज में आवश्यकता के अनुरूप सेवा कार्य किए जाते है, महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियो के साथ हमने अभियान लिया हम भीषण गर्मी से बचाव हेतु समाज को प्रेरणा देने हेतु पहल करेंगे जिसके तहत हमने दूरस्थ गांव तक पहुंचकर आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क चप्पल वितरित किया । प्रमुख रूप से स्नेहा शर्मा, यशु पांडेय, लोकेश्वरी यादव, एकलव्य शर्मा, मुस्कान देवांगन पायल पांडेय व अन्य का सहयोग रहा है ।

### कार्यशाला में मातृ एवं नवजात के स्वास्थ्य की जानकारी दी गई

**रायपुर 1 मई।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरीनेटोलॉजी एंड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी के संयुक्त तत्वाधान में होटल ट्राइटन में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य पर विभिन्न प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया गया। ÷प्रसवकालीन स्वास्थ्य देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता÷ विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य देश के प्रत्येक कोने में मातृ एवं प्रसवकालीन स्वास्थ्य में सुधार करना था। इस सम्मेलन में प्रसूति एवं स्त्री रोग के साथ-साथ एनेस्थीसिया, बाल्य एवं शिशु रोग एवं रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं नवीन दृष्टिकोण पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेज़बानी पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल द्वारा की गई।

## परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने माध्यमिक शिक्षा मंडल से निःशुल्क मिलेगा परामर्श

**बलौदाबाजार 1 मई।** आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में आज कलेक्टर के एल चौहान ने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और सीआरसीसी की बैठक लेकर एवं पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जनजागरण एवं सकारात्मक महौल, बच्चों एवं पालकों के मध्य लाया जाए, जिससे पालक, बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दी जाए। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जाए, इसके लिए यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचाना है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सम्मुख बहुत से ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, किन्तु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं तथा वे हमारे प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं, यथा शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि इन तथ्यों के आधार पर बच्चों की समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## अनिवार्य सेवा अंतर्गत रेल्वे कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान



**बलौदाबाजार 1 मई।** आवश्यक सेवाओ के अन्तर्गत रेलवे कर्मरचारी एवं विद्युत विभाग (भाटापारा) के मतदाताओं का पोस्टल वोटिंग सेंटर रेलवे स्टेशन भाटापारा में पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान आज करवाया जा रहा है। इस दौरान भाटापारा चीफ स्टेशन मैनेजर अजय कुमार जी ने भी स्वयं अपना डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया।

## सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दी विदाई



**बलौदाबाजार 1 मई।** पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक श्री मनोहर सिंह कंवर का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री मनोहर सिंह कंवर पुलिस विभाग मे दिनांक 14.06.1982 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात दिनांक 30.09.2013 को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला रायपुर, जिला सुकमा के विभिन्न थानों में तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में भाटापारा शहर, गिधपुरी, सिटी कोतवाली आदि थानों में पदस्थ होकर कार्य किये है तथा अभी वर्तमान में यातायात शाखा सिमगा में पदस्थ होकर कार्यरत थे। श्री मनोहर सिंह कंवर आज दिनांक 30.04.2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार एवं श्री अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री मनोहर सिंह कंवर के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, श्री अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रक्षित निरीक्षक श्रीमती उषा ठाकुर, उप निरीक्षक (एम) शैलेंद्र प्रजापति, पवन बंदे, स्टेनो मनीष चौबे, सउनि अश्विनी पडवार, सउनि (एम) सुषमा कौशिक, चंद्रिका साहू, अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## संजना उपाध्याय ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय गारंटी योजना की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा1 मई।** तिल्दा ब्लॉक कांग्रेस जोन क्रमांक 05 के वार्ड 04 गुरुघाषिदास वार्ड में लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के चुनाव प्रचार प्रसार हेतु श्रीमति संजना विकास उपाध्याय,पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ,शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती वर्मा,बलौदा बाजार विधानसभा प्रभारी सोमेन चटर्जी,अध्यक्ष देवा दास टंडन,लक्ष्मीनारायण वर्मा जी, के कृष्णमूर्ति,दुर्गेश नशीने,प्रशांत गुप्ता,दशरथ डहरिया,रामेश्वर यादव,प्रमोद वर्मा,बलोदाबाजार युवा कांग्रेस अध्यक्ष गजानंद साहू,निर्मल सोनी ,गोवर्धन यदु,शिव निषाद अजितेश शर्मा,विजय हरिरामणी एवम बहुत अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ,बहुत अधिक संख्या में वार्ड की महिलाए शामिल हुई पूर्व सांसद छाया वर्मा व संजना उपाध्याय ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय गारंटी योजना के बारे जानकारी दी और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर विकास उपाध्याय को जिताने कहा, वार्ड की महिलाओं ने आश्वस्त किया की कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस को भारी मतों से जीता कर कांग्रेस के सरकार बनायेंगे।



### भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबन की दिशा मे कार्य कर रही : गीता घासी साहू

**राजनांदगांव 1 मई।** तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होने हैं।जिसमें दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर चापा, रायगढ़, कोरबा और सरगुजा शामिल है। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में जनता के बीच सक्रियता से चुनाव प्रचार करते हुए राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने जनसंपर्क किया और अब दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी वह जनता तक पहुंच रही है और खासकर महिलाओं से संवाद कर रही है। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने दुर्ग लोकसभा ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली मंडल के ग्राम स्टेशन मरोदा वार्ड 17, बी आर पी कालोनी, मौहारी व रिसाली भिलाई महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महतारी वंदन सम्मान समारोह में शामिल हुई।

## किसानों का कर्ज़ा माफ़ करेगी कांग्रेसः सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 1 मई।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आज लोकसभा चुनाव में कॉंग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय के समर्थन में धुवाँधार प्रचार सुबह 7 बजे से ग्राम सुरखी, खपराडीह, सेंदरी, कलमीडीह, परसवानी,,धुर्राबांधा,बिजराडीह,कोसमंदा पहुँच कर दोपहर 2 बजे तक कर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।नुक्कड़ सभा को संबोधित करते पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा की देश में कॉंग्रेस के समर्थन से इंडिया (भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन)की सरकार बनने पर देश की किसानो का कर्ज़ा माफ़ किया जायेगा,महिलाओं को प्रति माह 8500 रूपया उनके खाते में दिया जायेगा,मनरेगा के सभी मज़दूर साथियों को प्रतिदिन की मज़दूरी400 रुपया सहित 150 दिन तक रोज़गार दिया जायेगा,देश के विभिन्न विभागों में ख़ाली लगभग तीस लाख नौकरीयो में तत्काल बेरोज़गारों की नियुक्ति की जायेगी,शिक्षित महिला बेरोज़गारों को नौकरी में 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जायेगा साथ ही बड़ती महँगाई पर रोक लगाई जायेगी इसलिये आप सभी कॉंग्रेस कार्यकर्ता और मतदाताओं से अपील करता हूँ की आगामी07 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्र में जाकर 03 नंबर पर पंजा छाप का बटन दबाकर कॉंग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनायेंगे।सुशील शर्मा के गाँव पहुँचने पर कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनो ने पूरे जोश खरोश के साथ गगनभेदी नारा लगाते हुये आतिशबाज़ी कर पुष्प माला से ज़ोरदार स्वागत किया साथ ही सभी ग्रामीण जनो ने कॉंग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को भारी वोटो से जिताने का वादा भी किया, सुशील शर्मा के साथ ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष अमर माण्डवी,ज़ोन अध्यक्ष रवि ध्रुव,भूनेश्वर गेंडरे,देवा टंडन,हेमंत वर्मा,कमलेश वर्मा,कन्हैया वर्मा,झाड़ूराम साहू,उमेश साहू,श्रवण कोसले,महेंद्र यादव,प्रमोद वर्मा,महेश साहू,अनिल दिवाकर,धनेश कुमार सहित कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।



## शाकाहार व्रती बनने पर 13 छात्राओं का किया गया सम्मान

**छुरा 1 मई।** बेटियां यदि संस्कारित हो तो समाज संस्कार वान बनता है ऐसा ही पहल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुड़ियाडीह में विगत चार सत्रों से किया जा रहा है विद्यालय के शिक्षक मनहरण पटेल चार वर्ष पूर्व से ही आदिवासी विकासखंड के इस शाला में योग के साथ साथ शाकाहार पर भी विद्यार्थियों को प्रेरित कर रहे हैं जिसके तहत इस सत्र 2023-24 में कक्षा आठवीं में अध्यनरत कुल 21 बच्चों में से 10 बच्चों ने शाकाहार अपनाया जिसमें कुमारी संजना नागेश, संतोषी नागेश, करिश्मा नागेश, संगीता नागेश ,दामिनी विशाल, चित्रारेखा, नेहा नागेश, ज्योति नागेश, नेश्वरी एवं परमेश्वर है उनको शाकाहारी भोजन अपनाने पर धार्मिक ग्रंथ एवं नगद राशि देकर शिक्षक पटेल द्वारा सम्मानित किया गया उनका मानना है कि विद्यालय में बच्चों को सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान की शिक्षा ही नहीं दी जानी चाहिए बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा एवं जीवन जीने की कला भी सीखायी जानी है आहार शास्त्रकारो एवं महापुरुषों का मानना है कि शरीर एवं विचार को पवित्र करने से पहले हमारे भोजन में पवित्रता एवं शुद्धता होनी चाहिए7 कहा भी जाता है जैसा खाओगे अन्न, वैसा होगा मन,7जैसे पीयोगे पानी, वैसी होगी वानी हमारे भोजन का प्रभाव पूर्ण रूपेण शरीर पर पड़ता है इस लिए हमारा आहार सात्विक होना चाहिए तामसी भोजन व मांसाहार से तामसी गुणों का विकास होता है हमारे लिए शाकाहारी भोजन ही श्रेयष्कर है इससे पूर्व भी पटेल के सात्विक विचार एवं नैतिक शिक्षा से प्रभावित होकर सत्र 2019-20 में कु प्रीति ध्रुव, 2020-21में कु अन्नु नेताम, 2021-22 में कु हेमलता, कु बबिता नागेश ने शाकाहार अपनाया उन्हें भी शिक्षक पटेल द्वारा धार्मिक ग्रंथो एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया था।



# नगर पंचायत भखारा में जल संकट गहराया,पानी की कमी से परेशान हैं वार्डवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**भखारा 1 मई।** नगर पंचायत भठेली भखारा में गर्मी का सीजन लगते ही पानी की समस्या बढ़ता जा रहा है।नगर में लगातार पानी की किल्लत से वार्डवासी जूझ रहे है।घरों में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रहा है।जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा रहा है।परन्तु नगर के जनप्रतिनिधि व अधिकारी सिर्फ आय मूलक योजनाओं में ध्यान दे रहे है।उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत भखारा मे भूमिगत जल स्त्रोत का स्तर पहले से ही गिरा हुआ है।जैसे तैसे फिल्टर प्लांट के भरोसे जलापूर्ति हो रहा था।उस पर फिल्टर मे भी खारुन का पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं आ रहा है।गौरतलब है कि नगर पंचायत भखारा में करोड़ों की लागत से फिल्टर प्लांट बना है।जिसमें खारून नदी से पानी लाया जाता है।जिसे उपचारित कर पीने योग्य बनाकर नगर में जलापूर्ति की जाती है।वर्तमान में फिल्टर प्लांट नाम मात्र प्रतीत हो रहा है।खारून नदी के सूखने से फिल्टर प्लांट मे पानी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आ रहा जिससे नगर वासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

**जल संसाधन विभाग को लाखों रुपए का भुगतान बाकी :** नगर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जल संसाधन विभाग को नगर पंचायत की ओर से पानी का लाखों रूपए भुगतान बकाया है।अब ऐसे में पिछला भुगतान नहीं होने के कारण यदि पानी नहीं दिया जा रहा है तो नगर की जनता को भगवान भरोसे ही रहना होगा।पानी मिला तो ठीक ना मिला तो प्यासे रहने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आ रहा।

**नगर में लगातार तेजी से हो रही टैक्स वसूली बावजूद जल संसाधन को भुगतान नहीं :** मिली जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत भखारा में नलजल,प्रकाश कर,संपत्ति कर,सफाई कर सहित तमाम कर वसूली तेजी से होना बताया जा रहा है।बावजूद जलसंसाधन विभाग को लाखों का भुगतान पेंडिंग होना सूत्र बता रहे है। शायद यही कारण है कि भीषण गर्मी में नगर वासियों को पानी की किल्लत बर्दास्त करना पड़ रहा है।

**क्या कहते है नगर पंचायत के ज़िम्मेदार जन प्रतिनिधि और अधिकारी:** नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन का कहना है कि नगर में पानी की समस्या तो है,समस्या से क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर एवं विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाए है।जल्द ही समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा।वहीं जल संसाधन के बकाया राशि के बारे जानकारी नहीं होना बताया गया।

जल संकट मामले में सीएमओ चंदन मानकर अभी तक अनजान है !

## इंटर्नशिप में स्कूल छात्रों ने सीखा कृषि और इलेक्ट्रॉनिक का तकनीकी ज्ञान

**राजनांदगाँव 1 मई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि और इलेक्ट्रॉनिक के कक्षा 11वी एवम् 12वी के छात्रों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप क्रमशः कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव एवम् निर्मल इलेक्ट्रॉनिक्स सुरगी में कराया गया। इंटर्नशिप में सम्मिलित छात्रों को प्रमाण पत्र एवम् प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य श्री एन के साहू व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री पंकज चंदेल, श्री छत्रपाल देशमुख, व्याख्याता श्री सुशील नारायण शर्मा, श्री वीरेन्द्र टेंभुरकर श्रीमती नीरा ठाकुर एवम् अन्य व्याख्याता गण मौजूद रहे। व्यावसायिक कृषि के छात्रों को कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में इंटर्नशिप के माध्यम से नर्सरी प्रबंधन , खरपतवार नियंत्रण, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि यंत्रों की पहचान व उपयोग, मौसम पूर्वानुमान के यंत्र एवम् उपयोग, ग्रेडर मशीन की जानकारी, पशुपालन प्रबंधन, वर्मी व कंपोस्ट खाद की जानकारी, पोटिंग डिपोटिंग, कीट व रोग प्रबंधन, विभिन्न रबी फसलों की खेती जैसे गेहूं, चना, धनिया की खेती और अन्य कृषिगत तकनीकी के जानकारी प्रदान किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 129 न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा नेवरा दिनांक 25/04/2024

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रवि अग्रवाल पिता श्री अनिल अग्रवाल गांधी चौक वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती उर्मिला मानिकपुरी पिता स्व.श्री मेलाराम मानिकपुरी वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा निवासी द्वारा सहमति पत्र, शपथ पत्र, मकान मल मलमा बिक्रीइकरारनामा पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 293/12 भूमि प्लाट नं......... शीट नं..... खसरा नं........का भाग रकबा 3306 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार / विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 25.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा नेवरा

1 मई


सुख-दुख के साथी

बृजमोहन भईया

ल जन्मदिन के

गाड़ा-गाड़ा बधाई

जीवेत शरदः शतम्





विनीत : टंकराम वर्मा, अजय चन्द्राकर, राजेश मूणत, शिवरतन शर्मा, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, इन्द्रकुमार साहू, देवजी भाई पटेल

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26